हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### पांच भर्ती केंद्र बनेंगे

इस भर्ती के लिए पांच भर्ती केंद्र बनाने की योजना है। प्रत्येक भर्ती केंद्र को प्रतिदिन कम से कम 1000 उम्मीदवारों का शारीरिक माप और शारीरिक दक्षता परीक्षण किया जाएगा। सिस्टम ऐसा होगा कि किसी भी माध्यम से परिणामों में कोई फेरबदल या छेड़छाड़ संभव न हो, यह भी सुनिश्चित होगा कि किसी भी उम्मीदवार को किसी भी स्पर्धा में, जितनी बार अनुमति है, उससे अधिक बार प्रयास करने की अनुमति नही दी जाएगी।

सिपाही, बैंड डॉग स्क्वाड घुड़सवार भी होंगे भर्ती

पुलिस मुख्यालय को चाहिए सिंगल साल्यूशन प्रोवाइडर

# छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में होगी 1816 पदों पर भर्ती
## 2 लाख से ज्यादा होंगे दावेदार, हाईटेक तरीके से होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सशस्त्र बलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए 1816 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस परीक्षा में 2 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। खास बात ये है कि यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो, इसके लिए हाईटेक तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय को इस काम के लिए सिंगल साल्यूशन प्रोवाइडर की जरूरत है। मुख्यालय ने इस काम के लिए टेंडर जारी किया है।

**इन पदों पर होगी भर्ती:** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए कांस्टेबल जीडी, ट्रेड्समैन, आर्म्स, एमटी, बैंड, डॉग स्क्वाड, घुड़सवार, अस्तबल सहायक), हेड कांस्टेबल (नर्सिंग), सहायक प्लाटून कमांडर (नर्सिंग), पुरुष नर्स, महिला नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग सहायक, कंपाउंडर, ड्रेसर और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती करने का प्रस्ताव किया है।

खास खबर

### साल्यूशन प्रोवाइडर करेगा ये काम

बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय तगड़ी व्यवस्था कर रहा है। दरअसल भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से हाईटेक होगी। इस काम के लिए जो सर्विस प्रोवाइडर होगा उसके हिस्से में कई काम ▶▶| शेष पेज 16 पर



### लिखित परीक्षा के लिए होगा ये काम

ओएमआर लिखित परीक्षा शीट का डिजाइन, प्रिंटिंग, स्कैनिंग और मूल्यांकन करना, तथा परीक्षा के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए मास्टर शीट में प्रत्येक उम्मीदवार के अंकों या परिणामों का स्वचालित रूप से अपडेट किया जाएगा।

### रियलटाइम रिजल्ट भी

उम्मीदवारों के अंक या परिणाम वास्तविक समय (रियल टाइम) के आधार पर मास्टर शीट में स्वचालित रूप से अपलोड किए जाएंगे। लिखित परीक्षाओं में डुप्लीकेशन और किसी और की जगह परीक्षा देने इंप्रेशन की समस्या को खत्म करने के लिए ऑप्टिकल मास्क रिकग्निशन (ओएमआर) और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल भी किया जाना प्रस्तावित है।

### सॉफ्टवेयर करेगा ये काम

भर्ती कार्यक्रम के लिए एक व्यापक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, जिसमें डेटा एंट्री, परिणामों का संकलन और ये कार्य शामिल हैं। शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण का डेटा एंट्री। पीएसटी- पीईटी और लिखित परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों की लाइव तस्वीरें ली जाएंगी। इसके लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक प्रतिष्ठित क्लाउड-आधारित ▶▶| शेष पेज 16 पर

### इन तकनीक का होगा इस्तेमाल

इस परीक्षा के दौरान प्रणालियों और तकनीकों का उपयोग करने के संबंध में प्रस्ताव है कि शारीरिक मानक परीक्षण आयोजित करने के लिए डिजिटल ऊंचाई और सीने की माप प्रणालियों का उपयोग करके एक पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान समय मापने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप-आधारित टाइमिंग तकनीक, और दूरी व ऊंचाई मापने के लिए डिजिटल तकनीक प्रणालियां, इसमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 3 किमी दौड़, 5 किमी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक , पीठ पर 25 किलोग्राम वजन के साथ 100 मीटर दौड़, और 15 किमी दौड़,पैदल चाल आदि शामिल हैं, साथ ही बायो-मीट्रिक उपकरणों और लाइव फोटो कैप्चर करने वाले उपकरणों का भी उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ईडी अफसरों के तबादले रायपुर जोनल के मीणा अहमदाबाद गए

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने 84 उपनिदेशक, सहायक निदेशक तथा संयुक्त निदेशकों का देशभर में तबादला किया है। रायपुर जोनल में पदस्थ एडी टीएल मीणा को अहदाबाद भेजा गया है, वहीं गुवाहाटी से दिब्यांदु मान को रायपुर भेजा गया है। इसी तरह रांची के ज्वाइंट डायरेक्टर अजय लुहाच रायपुर आए हैं और प्रभाकर प्रभात को रांची भेजा गया है। प्रवर्तन निदेशालय में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला हुआ है। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस तबादले में रायपुर जोनल कार्यालय के अधिकारियों को नए क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अन्य इलाकों में पदस्थ अफसरों को रायपुर जोनल ऑफिस में पोस्टिंग दी गई है।

### 30 टीआई का स्थानांतरण

**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को राज्य के अलग-अलग जिलों के 30 थाना प्रभारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक अलग-अलग जिलों से जिन थानेदारों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें से 12 टीआई का स्थानांतरण रायपुर पुलिस कमिश्नरेट में किया गया है। पांच टीआई का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय में किया गया है। शेष अन्य टीआई का स्थानांतरण अलग-अलग जिलों में किया गया है।

### रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गोकुल नगर निवासी मोहम्मद अनीफ की शिकायत पर पुलिस ने कासिम खान उर्फ अम्मू, ऋषभ कुमार सेनापति तथा शेख मोईन खान को गिरफ्तार किया है।

### घूम-घूमकर हॉस्टल से लैपटॉप, मोबाइल चोरी

**रायपुर।** राजधानी के पंडरी तथा सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के दो हॉस्टल से दो छात्रों के मोबाइल तथा लैपटॉप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने कर्नाटक के दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। स्टीवन नोवेल लुकश तथा शांतनु त्रिवेदी की शिकायत पर पुलिस ने एन. अनजी, एस. मुरूगेश को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## चुनाव

### डेढ़ सौ बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट अधूरा, नया रायपुर एम्स-2 की योजना ठंडी पड़ी

# ओपीडी 3000, बेड हजार भी नहीं, एम्स ओवरलोड, नवा रायपुर का प्लान फिस्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स के विस्तार के लिए बनाई गई योजनाओं के अधूरी होने और मौजूदा संसाधनों के सीमित होने के कारण एम्स के मरीजों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। परिसर में डेढ़ सौ बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का काम डेडलाइन पूरी होने के बाद भी अधूरा है, तो नया रायपुर में एम्स-2 के विस्तार की योजना ठंडे बस्ते से बाहर नहीं आ रही। इसका असर लगातार बढ़ रही मरीजों की भीड़ पर जांच की लंबी वेटिंग और इलाज के दौरान दूसरे अस्पताल रेफर किए जाने के रूप में नजर आ रहा है।

- लगातार बढ़ रही मरीजों की भीड़, जांच में वेटिंग और इलाज के दौरान रेफर मजबूरी

एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार और जरूरी इलाज के बाद उन्हें आंबेडकर अथवा डीके अस्पताल रेफर करने का दौर अभी खत्म नहीं हुआ है। गंभीर मरीजों को भी दूसरे सरकारी अस्पताल भेजने के मामले को कम करने और भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए यहां डेढ़ सौ बेड का नया क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने का काम पिछले तीन-चार सालों से चल रहा है। सूत्रों के अनुसार सीसीयू के निर्माण के लिए तय डेडलाइन पूरी हो चुकी है, मगर इसके पूरे निर्माण में काफी वक्त लगने की संभावना है। इसी तरह जरूरतों के हिसाब से एम्स का विस्तार नवा रायपुर में किए जाने की योजना भी सालों बाद आकार नहीं ले पाई है। इस योजना के लिए एम्स प्रबंधन को नवा रायपुर में जमीन उपलब्ध करायी जा चुकी है, मगर वहां निर्माण के लिए जरूरी फंड के अभाव में योजना के चार से पांच बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया है। नवा रायपुर क्षेत्र के लोगों को जरूरी उपचार सुविधा देने के साथ स्कूल ऑफ स्टडी सहित अन्य सेंटर शुरू करने की योजना थी। इन दो बड़ी योजनाओं के पूर्ण नहीं होने का सीधा प्रभाव यहां की उपचार व्यवस्था पर पड़ रहा है।



फाइल फोटो

### नॉट फॉर बेड...

एम्स में रोजाना होने वाली ओपीडी में करीब तीन हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं। वहीं प्रतिदिन की ओपीडी चार से पांच सौ की होती है। भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या अधिक होने के बाद भी यहां मरीजों के बेड की क्षमता एक हजार से कम है। कम बेड और ज्यादा मरीज होने के कारण सामान्य मरीजों को भर्ती करने के बजाए पर्ची में नॉट फॉर बेड का उल्लेख करते हुए दूसरे अस्पताल रवाना कर दिया जाता है।

### प्रशासनिक बदलाव भी

हाल ही में एम्स में चिकित्सा व्यवस्था के ढांचे में बदलाव करते हुए चिकित्सकों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। चिकित्सा अधीक्षक, उपअधीक्षक सहित अन्य पदों की जिम्मेदारी नए डाक्टरों को दी गई है। इस बदलाव को पिछले दिनों राज्यसभा में सांसद फूलोदेवी नेताम द्वारा एम्स की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवाल से जोड़कर देखा जा रहा है।

**305 में 115 पद खाली**

सांसद ने उस दौरान जानकारी दी थी कि एम्स में चिकित्सकों के कुल 305 पद स्वीकृत है जिसमें से 115 पद खाली है। डाक्टरों की इस कमी का सीधा असर गंभीर मरीजों के इलाज पर पड़ता है। खासकर कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी जैसे विभाग में डाक्टरों की ज्यादा कमी है। इसी तरह प्रशासनिक, नर्सिंग और तकनीकी कार्यों से जुड़े 1497 पद रिक्त हैं।

### मौजूद नमी ने बढ़ाई उमस वाली गर्मी, शहर का पारा 39 डिग्री पर अटका

**रायपुर।** चौबीस घंटे राहत देने के बाद बुधवार को गर्मी ने फिर असर दिखाया। वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से उमस वाली गर्मी ने लोगों को परेशान किया। अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव नहीं होगा। आज राजनांदगांव का तापमान 40 और रायपुर का 39 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने अभी विभिन्न सिस्टम मौजूद है। मंगलवार को सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से दिनभर तेज गर्मी से राहत मिली थी, मगर बुधवार को धूप निकलते ही वातावरण में मौजूद नमी ने लोगों को हलाकान कर दिया। उमस भरी गर्मी के कारण चिपचिपाहट सी महसूस होती रही। राज्य में मौसम अभी अपनी सामान्य स्थिति में है, मगर मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण तेज गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पूर्वी ईरान और उसके आसपास एक द्रोणिका के साथ मौजूद है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण पूर्वी पाकिस्तान और उससे लगे कच्छ के ऊपर, दूसरा घेरा दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास तीसरा घेरा पूर्वी बिहार में मौजूद है।

- नांदगांव का टेंप्रेचर 40, बड़ा बदलाव चौबीस घंटे में नहीं

# निजी अस्पतालों को ब्लैकमेल, हेल्थ सेकेट्री का स्टाफ बताकर धमकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कथित अजय अग्रवाल के खिलाफ नामजद शिकायत, मोबाइल नंबर का भी उल्लेख
- कथित शिकायत समाप्त करने के नाम पर अस्पतालों से की जा रही थी पैसे की डिमांड

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के नाम पर प्राइवेट अस्पतालों को ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्वयं सचिव अमित कटारिया ने पुलिस आयुक्त से शिकायत दर्ज कराई है कि कथित अजय अग्रवाल उनके पदनाम का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। शिकायत के साथ संदेही का मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। अस्पताल संचालकों को कथित शिकायतों के खात्मा का हवाला देकर पैसे की डिमांड की जा रही थी।

पुलिस आयुक्त को भेजे गए स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के हस्ताक्षर वाले 17 मार्च की इस में शिकायत बताया गया है कि सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निजी स्थापना के नाम पर संदेही अजय अग्रवाल निजी अस्पताल संचालकों को फोन पर शिकायती संकट से उबारने के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा है।

खास खबर

प्राइवेट अस्पतालों के पास इस तरह के फोन काफी समय से जा रहे थे। शुरुआती दौर में इसे हल्के में लिया गया, मगर जब कई अस्पताल के संचालक डाक्टरों के मोबाइल घनघनाने लगे, तो शिकायत स्वास्थ्य सचिव तक पहुंची। उन्होंने मामले में गंभीरता दिखाई और विभाग तथा उनके स्वयं की व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाने की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की।

### शिकायत मिली

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिकायत मिली थी। अस्पताल और संदेही दुर्ग जिले से संबंधित थे, इसलिए जांच के लिए मामला वहां की पुलिस को भेजा गया है।

- डा. संजीव शुक्ला
पुलिस कमिश्नर रायपुर

### इन अस्पतालों को फोन जाने का उल्लेख

पत्र के अनुसार कथित अजय अग्रवाल द्वारा एएम हास्पिटल चरौदा (भिलाई), गंगोत्री अस्पताल आर्य नगर दुर्ग के संचालक डा. ओम प्रकाश कराडे, एसआर अस्पताल भिलाई, आरबी हास्पिटल बिलासपुर तथा हाईटेक हास्पिटल के संचालक के पास इस तरह के फोन गए थे। स्वास्थ्य सचिव ने इस मामले में इस बात का संदेह जताया है कि धन उगाही के लिए संगठित और व्यापक स्तर पर धोखाधड़ी की जा रही है।

### भ्रष्टाचार से भयग्रस्त अस्पताल

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि करीब सभी निजी अस्पताल/डॉक्टर्स भ्रष्टाचार से भयग्रस्त हैं, सरकारी तंत्र से त्रस्त हैं। ये सिर्फ सचिव की तरफ से एक ठगी की शिकायत का मामला नहीं है, बल्कि यह बात आम राय में है कि विभाग के भीतर ही निजी अस्पतालों से ऐसी उगाही करने वाले ठग बैठे हैं। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग का ढांचा घोषित रूप से ठगी का शिकार हो गया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह सचिव स्तर से अपने प्रकार की पहली और अनूठी शिकायत है, यह दयनीय और चिंताजनक है।




### ईको फ्रेंडली पर्यावरण पर शहरी सरकार का फोकस

# सामान्य सभा में पहली बार कांच की बोतलों में पानी, एमआईसी में भी प्लास्टिक बेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में पहली बार पानी पाउच और प्लास्टिक के पानी बॉटल नजर नहीं आए, इसकी जगह कांच की बोतल में भरा साफ पानी महापौर, सभापति से लेकर 70 वार्ड के पार्षदों और आमंत्रित जनों को परोसा गया। प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को देखते हुए ▶▶| शेष पेज 16 पर

- प्लास्टिक कचरे से प्रदूषण को देखते हुए निर्णय





### मटकों में पानी

निगम के सचिवालय की ओर से महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर एमआईसी सदस्यों के लिए बैठक के दौरान सदस्यों और निगम के विभागीय अधिकारियों की सुविधा के लिए एमआईसी कक्ष के बाहर मिट्टी से बने मटकों में में ठंडा पानी भरकर रखवा गया, जिसमें स्टील के गिलास के साथ पानी निकालने बरतने रखे गए। इससे नगर निगम को बाहर से पानी बॉटल और पानी के पाउच खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी, वहीं परिसर में स्वच्छता बनी रही। सूत्रों के मुताबिक 10 अप्रैल को स्थगित सामान्य सभा की बैठक में भी पानी पाउच और प्लास्टिक की बोतलों में पानी की जगह कांच की बोतल में पेयजल की व्यवस्था रहेगी।

### किफायती दर पर स्वसहायता समूह ने किया निर्माण

प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण प्रदूषण के खतरे से बचाने नगर निगम रायपुर ने जिस कांच की बोतल को उपयोग में लाने पहल की है, वह प्लास्टिक की पानी बोतल की तुलना में किफायती भी है। सामान्य रूप से पानी की छोटी प्लास्टिक बॉटल 250 एमएल की कीमत 5 रुपए में बाजार में उपलब्ध है। कांच की बोतल की कीमत 500 एमएल वाली 7 रुपए की दर पर उपलब्ध है। सूत्रों के मुताबिक इस कांच की बोतल का निर्माण बिहान ▶▶| शेष पेज 16 पर

|| जय श्री राम || || श्री गणेशाय नमः || || श्री हनुमंते नमः ||







# श्री हनुमान जन्मोत्सव

## कार्यक्रम

**दिनांक - 02 अप्रेल 2026, दिन - गुरूवार**

सुबह 06 बजे श्रृंगार दर्शन, महाआरती शाम 07 बजे

**दिनांक - 03 अप्रेल 2026, दिन - शुक्रवार**

शाम 07 बजे सामुहिक महाआरती, सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ सभी भक्तों के द्वारा
महाभंडारा दोपहर - 03 बजे से

**दिनांक - 04 अप्रेल 2026, दिन - शनिवार**

शाम 07 बजे से रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम
(पुनम विराट एवं दिव्या तिवारी) द्वारा प्रस्तुत की जायेगी

**जिसमें आप सभी भक्तगण पधार कर आयोजन को भव्य एवं सफल बनावें...**

## तरूण श्रीवास (छाया पार्षद)

## श्रीराम हनुमान एवं शनि सेवा समिति

# बस्तर से केंद्रीय बल नहीं हटाए जाएंगे, बस्तर फाइटर्स की तैनाती थानों में होगी

**खबर संक्षेप**

## बूढ़ेश्वर चौक पर आज मनाया जाएगा वीर हनुमान जन्मोत्सव



**रायपुर।** देशभर में 2 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पर्व पर मंदिरों में भव्य सजावट, शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशेष भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भक्त हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसी कड़ी में बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**निधन**

## मूलीदेवी बोरा



**रायपुर।** श्याम नगर निवासी मूली देवी (विद्यावती) बोरा का 1 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकलेगी। वे बद्रीनारायण बोरा की भाभी, विनोद, दुर्गादास, भोला बोरा की माता थीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग में नक्सलवाद तय डेडलाइन के अंदर समाप्ति की घोषणा कर दी गई है। बावजूद इसके बस्तर में केंद्रीय बल के 40 हजार जवान अभी बस्तर से नहीं हटाए जाएंगे। इसकी पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। अफसर के अनुसार आने वाले छह महीनों में स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके बाद बस्तर की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश के आधार पर फोर्स को लेकर निर्णय लिया जाएगा। बस्तर आईजी के अनुसार बस्तर में 10 नए थाने खोले गए हैं, बस्तर फाइटर्स के चार हजार से ज्यादा जवानों की पोस्टिंग उन थानों में जाएगी। इसके साथ ही जिन थानों में बल की कमी है, उन थानों में बस्तर फाइटर्स के जवानों की पोस्टिंग की जाएगी। बस्तर फाइटर्स में टीआई से लेकर हर स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

### बस्तर में 40 हजार सेंट्रल फोर्स की तैनाती है

#### जवानों की अब भी जारी रहेगी गश्त

नक्सलवाद समाप्ति के बाद भी केंद्रीय फोर्स के जवान जंगल के अंदर अब भी गश्त जारी रखेंगे। इसके साथ ही उनका काम अब नक्सलियों द्वारा छिपाए हथियारों की पतासाजी करने के साथ बमों को निष्क्रिय करने का रहेगा। केंद्रीय फोर्स के जवानों की मदद से गांव के अंदर जनजागृति अभियान चलाने के साथ मुख्यधारा में लौट चुके नक्सलियों की गतिविधियों की निगरानी करने का काम रहेगा।



फाइल फोटो

#### इन जगहों पर थाना खोलने मिली है अनुमति

बस्तर में जो नए थाना खोलने की अनुमति मिली है, उनमें दंतेवाड़ा जिला के पोटाली, सुकमा के मेहता, सिलगेर, बीजापुर में पुजारी, कांकेर में कोरचोली, नारायणपुर में गरपा, कस्तुरमेटा, तोके, कुतुल एवं कांकेर में सितरम नए थाना खोलने राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में स्वीकृति प्रदान की है। वर्ष 2025-26 के बजट में सुकमा जिला के एलमागुण्डा एवं डब्बाकोन्टा दो नए थाना खोलने स्वीकृति प्रदान की गई थी।

# खारुन नदी पुल मरम्मत के कारण रायपुर से दुर्ग एक घंटे का सफर सवा घंटे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खारुन नदी ब्रिज का रखरखाव तथा मरम्मत कार्य किए जाने के कारण एक अप्रैल से रोड डायवर्ट किया गया है। रोड डायवर्ट होने की वजह से रायपुर से दुर्ग जाने का समय जो पूर्व में एक घंटा लगता था, वह अब सवा घंटा लग रहा है। ब्रिज में एक माह के लिए सभी तरह की गाड़ियों की आवाजाही बंद रहेगी। रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने अमलेश्वर के पास बल तैनात किया है। मौके पर उपस्थित स्टाफ अमलेश्वर से रायपुर आने वालों को भाठागांव की तरफ डायवर्ट कर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार किसी तरह से जाम की स्थिति अभी तक निर्मित नहीं है। हालांकि रूट डायवर्ट होने से मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इसके चलते लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने अतिरिक्त समय लग रहा है। पहले दिन पुल का डामर उखाड़ने का काम किया जा रहा है, इसके बाद आगे का मरम्मत कार्य किया जाएगा।



**ऐसा है रूट प्लान**

- रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय, आरंग, अभनपुर की ओर आने वाले वाहन चालकों के लिए सेलूद, पाटन, अभनपुर, मार्ग को डायवर्ट किया है।
- दुर्ग, भिलाई, रिसाली, उतई से रायपुर आने वाले वाहन चालक सेलूद, फूंडा, जामगांव, मोतीपुर, अमलेश्वर से रायपुर आने वाले मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं।
- चरोदा, कुम्हारी, भिलाई-3 से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक सिरसा गेट, मोतीपुर, अमलेश्वर, से रायपुर पहुंच रहे
- कुम्हारी अहिरवार से रायपुर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी, उरला, खमरिया, अमलेश्वर मार्ग से रायपुर पहुंच रहे
- कुम्हारी टोल से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी टोल के बाद से चंदनीडीह तक के मार्ग को वन वे किया गया है।

**रायपुर से दुर्ग रूट प्लान**

- रायपुर से दुर्ग जाने वाले वाहन चालक चंदनीडीह से बांए मुड़कर पुराना रपटा पुल के रास्ते कुम्हारी टोल तक जा सकेंगे
- भटगांव से अमलेश्वर मोतीपुर होकर छोटी गाड़ियों के चालक भिलाई और दुर्ग पहुंच सकते हैं।

# एलपीजी बुकिंग संख्या में आई कमी, आपूर्ति व्यवस्था धीरे-धीरे हो रही सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव के कारण प्रदेश में 6 से 16 मार्च के दौरान दैनिक एलपीजी बुकिंग में आई असामान्य वृद्धि अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सामान्यतः प्रदेश में एक दिन में औसत 74 हजार एलपीजी की बुकिंग दर्ज होती थी, जो कि 6 मार्च के बाद अचानक बढ़कर 1.30 लाख तक पहुंच गई थी, किन्तु राज्य शासन तथा ऑयल कंपनियों की सतत मॉनिटरिंग और एलपीजी आपूर्ति में वृद्धि के कारण दैनिक एलपीजी बुकिंग में पिछले दो सप्ताह में लगातार कमी आई है।

**पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक**

*प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा सभी जिलों के कुल 2465 पेट्रोल/डीजल पंपों में समुचित स्टॉक उपलब्ध है। ऑयल डिपो से नियमित रूप से पेट्रोल एवं डीजल का प्रदाय किया जा रहा है।*

# पेट्रोल, डीजल के साथ एलपीजी परिवहन करने वाली गाड़ियों की परिवहन विभाग कर रहा मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ईरान का पश्चिमी देशों के साथ अमेरिका, इजराइल के बीच चल रहे युद्ध का असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। एलपीजी के साथ पेट्रोल, डीजल की कोई कालाबाजारी न कर पाए, इसके लिए राज्य सरकार ने एलपीजी, पेट्रोल, डीजल परिवहन करने वाली गाड़ियों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग के अफसर इन गाड़ियों की जीपीएस के साथ मैनुअल निगरानी कर रहे हैं।

परिवहन विभाग के एडिशनल कमिश्नर डी. रविशंकर के अनुसार एलपीजी के साथ पेट्रोल, डीजल परिवहन करने वाली गाड़ियों की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित गाड़ियां डिपो से निकलने के बाद अपने गंतव्य स्थान तक रिस्पांस टाइम पर पहुंच रही हैं या नहीं, इस बात की भी निगरानी की जा रही है। संबंधित गाड़ियों की निगरानी पूरे प्रदेश में की जा रही है।

**स्थिति सामान्य होने का दावा**

पेट्रोल पंप संचालक के साथ एलपीजी डीलरों से संपर्क करने पर उन लोगों ने स्थिति सामान्य होना बताया है। एलपीजी डीलर के साथ पंप संचालकों के अनुसार पूर्व में जितनी पेट्रोल डीजल की खपत होती थी, वैसी ही स्थिति अब भी बनी हुई है। पंप संचालकों ने खाली डिब्बों में पेट्रोल, डीजल देना बंद कर दिए हैं। ट्रांसपोर्टर तथा बस मालिकों को उनकी जरूरत के हिसाब से डीजल दिए जा रहे हैं। एलपीसी डीलरों के अनुसार लोगों को दो से तीन दिन के अंदर एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।

**गाड़ियों की डिटेल बनाई जा रही**

गाड़ियों की निगरानी करने के साथ परिवहन विभाग के अधिकारी एलपीजी के साथ डीजल, पेट्रोल परिवहन करने वाले टैंकर तथा ट्रक कब-कब कितना एलपीजी के साथ पेट्रोल, डीजल परिवहन किए हैं, इसका भी रिकार्ड मेंटेन कर रहे हैं। इससे पूरे प्रदेश में खपत की स्थिति के बारे में राज्य सरकार को जानकारी मिल रही है।

**सरकारी संस्थानों में खपत की निगरानी**

जेल, अस्पताल सहित अन्य सरकारी संस्थान में एलपीजी आपूर्ति करने वाली गाड़ियों की भी परिवहन विभाग निगरानी कर रहा है। इनमें यह देखा जा रहा है कि सरकारी संस्थानों में नियमित कितनी गाड़ियों से एलपीजी की आपूर्ति की जा रही है। परिवहन विभाग महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों में एलपीजी गोदाम से कितने समय गाड़ी पहुंच रही, इसका भी रिकार्ड बना रहा है।

# इंडिगो ने बढ़ाया किराया, घरेलू उड़ान पर 950 और इंटरनेशनल फ्लाइट पर देना होगा 10 हजार

***18 दिन में दूसरी बार बढ़ाया गया ईंधन शुल्क एयर टर्बाइन फ्यूल में बढ़ोतरी का हवाला***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर समेत देश में सर्वाधिक घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट का किराया और महंगा हो गया है। अब घरेलू उड़ान में 950 और इंटरनेशनल फ्लाइट में सफर के दौरान 10 हजार तक फ्यूल चार्ज देना होगा। एयर टर्बाइन फ्यूल में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए 18 दिन में दूसरी बार ईंधन शुल्क में बढ़ोतरी की गई है।

तर्क दिया गया है कि एटीएफ में कुछ समय के अंतराल में 130 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने एयरलाइंस कंपनियों की मदद के लिए फ्यूल चार्ज में 25 फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला लिया है। इसे देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने दूरी के हिसाब से फ्यूल चार्ज का निर्धारण अलग-अलग किया है। 2 अप्रैल को रात्रि 12 बजे के बाद सभी घरेलू बुकिंग के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त चार्ज देना होगा। व्यास ट्रेवल्स के संचालक कीर्ती व्यास ने बताया कि संशोधित शुल्क में घरेलू उड़ान में 5 सौ किमी तक 275, 501 से 1 हजार किमी तक 400, एक हजार से डेढ़ हजार किमी पर 600 तथा डेढ़ से 2 हजार तक 800 एवं उससे अधिक पर 950 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इसके अलावा इंटरनेशल फ्लाइट में 900 से 10 हजार रुपए तक अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। इंडिगो ने 18 दिन पहले ईंधन शुल्क बढ़ाया था।



## खबर संक्षेप

### आरंग में गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**आरंग।** इन दिनों आरंग में गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता काफी परेशानियों से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि लोग रात्रि 2 बजे से ही गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रहे हैं, फिर भी कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी की लापरवाही के चलते उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन जितने टोकन जारी किए जाते हैं, उतनी संख्या में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कई लोगों को निराश होकर वापस जाना पड़ता है। गैस सिलेंडर मिलने की आस में लोग सुबह से शाम तक चिलचिलाती धूप में लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। इस स्थिति से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं कतार में खड़े लोगों के बीच विवाद और झगड़े की स्थिति भी आम हो गई है। उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि एजेंसी के कर्मचारी सही और स्पष्ट जानकारी नहीं देते, जिसके कारण लोग उम्मीद में घंटों कतार में खड़े रहते हैं।

### पारसनाथ बने किसान, मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**आरंग।** राष्ट्रीय किसान नेता और समाजसेवी पारसनाथ साहू को किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश की संस्था द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया यह संस्था किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित है, जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का ने उनकी सक्रियता और कार्य प्रणाली को देखते हुए नियुक्ति पत्र भेजकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। ज्ञात हो कि पारसनाथ साहू काफी लंबे समय से मजदूरों और किसानों की समस्याओं, अनाज का उचित लाभकारी समर्थन मूल्य पर खरीदी की कानूनी गारंटी दिलाने, प्रदेश में धान खरीदी में होने वाली अव्यवस्थाओं और समस्याओं सहित सिंचाई, बिजली, पानी, खाद-बीज इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने लगातार प्रयासरत हैं। वहीं पारसनाथ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र व प्रदेश के किसानों में हर्ष की लहर है। उन्होंने कहा है कि अब किसानों और मजदूरों की मांग व समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से रखते हुए उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर अंचल के किसान नेता गोविंद चंद्राकर, श्रवण चंद्राकर, झनकराम आवड़े, घनाराम साहू, तेजराम विद्रोही, लक्ष्मी पटेल, दीपक चौहान, लल्लू सिंह, जुगनू चंद्राकर, दूजेराम धीवर, योगेश, ईश्वरी साहू सहित सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



### श्रीमारुति महायज्ञ में किया ब्राम्हांड समाज का सम्मान

**आरंग।** ग्राम बिरकोनी में आयोजित श्रीमारुति महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर श्री परशुराम पुरोहित परिषद द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज आरंग के अध्यक्ष प्रद्युम्न शर्मा एवं युवा ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष सोमेश चौबे का विधिवत सम्मान कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद ही सामाजिक एकता, संस्कृति एवं संस्कारों को सुदृढ़ बनाने का आधार है। इस अवसर पर परिषद के आचार्य सदस्य पं. नरेंद्र द्विवेदी, पं. ध्रुव नारायण शुक्ला, पं. राजेश शर्मा, पं. सूर्यप्रकाश तिवारी, पं. पंकज तिवारी, पं. योगेश तिवारी, पं. अविनाश शर्मा, पं. मोहित तिवारी एवं पं. शिवा तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### निधन

### डॉ. रामबगस बंजारी

**आरंग।** बुधवार को ग्राम चरौदा निवासी समाजसेवी 78 वर्षीय डॉ. रामबगस बंजारी का निधन हो गया। वे वैभव, जीवन और देवानंद बंजारी के पिता थे। वह लंबे समय से गायत्री परिवार से जुड़कर कार्य करते रहे। उनके निधन से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर है।

---

**जयंती :** पूजा अर्चना, हवन - आरती के बाद अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन

# हनुमान जयंती पर आज होंगे भव्य व दिव्य कार्यक्रमों होंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थापित सर्वसिद्ध मंदिर में श्री हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद ने बताया कि सुबह 5 बजे हनुमानजी की जन्म गंगाजल, दूध, दही, शहद, शर्करा से पंचामृत स्नान और आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ जारी है। पुजारी घनश्याम वैष्णव द्वारा मंगला आरती, भोग आरती का संपादन किया जाएगा। कार्यक्रम में दीनदयाल साहू, राजकुमार धीवर, किशोर गुरुजी, रामू धीवर, बाबूलाल साहू, रामचरन पटेल, मुक्ति साहू मंदिर की सजावट में जुटे हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कलश यात्रा निकलेगी

आरंग। श्रीराम लीला मंडली, रामायण मंडली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। 3 अप्रैल से मंडी मैदान भानसोज में त्रिदिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार, शनिवार व रविवार को प्रतिदिन 8 आमंत्रित मानस मंडलियों द्वारा सुबह 10:30 बजे से रात्रि 10:15 बजे तक प्रस्तुति दी जाएगी। 6 अप्रैल को हवन-पूजन एवं विसर्जन के बाद दोपहर 12 बजे से जय माँ शीतला रामधुनी झांकी, परसाही (जिला बालोद) की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शाम 5 बजे से महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### निलजा में आज हनुमान चालीसा और मानस पाठ

सारागांव। समीपस्थ ग्राम निलजा में 2 अप्रैल को प्राचीन हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई जाएगी। गुरुवार सुबह हनुमान जी के पूजन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण होगा। इसके बाद मानस गान का क्रम शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। शाम को स्वान्तः सुखाय मानस परिवार छुईहा जिला गरियाबंद और श्रीराम चरित्र मानस परिवार चारामा जिला कांकेर की मंडलियां प्रस्तुति देंगी।

### रामनवमी पर दुकालू के जगराता किया आयोजन

**आरंग।** शिवसेना आरंग विधानसभा द्वारा श्री रामनवमी उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड आरंग में किया गया। कार्यक्रम में श्रीराम भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जसगीत सम्राट दुकालु यादव जी के गीतों पर श्रद्धालु रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक झूमते रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिए एवं हिन्दुस्तान को शीघ्र ही हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने धर्मांतरण को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। शिवसेना नगर अध्यक्ष राज दुबे ने कहा कि आरंग शिवसेना वर्ष 2006 से श्री रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इस भक्तिमय कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष राजा तोड़े, आरंग नगर उपाध्यक्ष उजाला जलक्षत्री, रिंकू यादव, व्यास सोनकर, शत्रुघन सोनकर, टेकू देवांगन, रूपेश जलक्षत्री, रेखराज अग्रवाल, रवि लोधी, रघुनंदन देवांगन, कोमल यादव, राकेश चंद्राकर, मोहित चक्रधारी, सूरज शर्मा, मानस लोधी, सागर पटेल, सूर्या साहू, कमलेश निर्मलकर, भुनेश्वर लोधी, विराज लोधी, नंदन यादव एवं अनेक शिवसैनिक उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव में आज दुग्धाभिषेक



**आरंग।** स्थानीय रामजानकी मंदिर में प्रतिष्ठित पंचमुखी हनुमान जी के प्रकट्य दिवस पावन अवसर पर प्रातः 10 बजे दुग्धाभिषेक, हवन-पूजन एवं दोपहर 2 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने भाग लेकर पुण्य लाभ लिया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज सुंदरकांड पाठ





**आरंग।** मंदिरों की नगरी आरंग के हर गली-मोहल्ले में पवनपुत्र हनुमान जी के मंदिर स्थापित हैं, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु आकर मत्था टेकते हैं और अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं। खासकर शनिवार और मंगलवार को भक्तगण यहां पहुंचकर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर सहित अंचल के गांव-गांव में जगह-जगह भोग-भंडारा, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। प्रातःकाल से ही साधक हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना में जुट गए हैं। नगर में अनेक प्रमुख हनुमान मंदिर स्थित हैं, जिनमें महामाया पारा में विराजमान उत्तरमुखी नारायणवन हनुमान, जगन्नाथ मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी हनुमान, गुप्ता पारा का हनुमान मंदिर, बागेश्वर मंदिर के सामने स्थापित हनुमान, पुराने सब्जी बाजार स्थित रेणुक देव हनुमान, बरगुडी पारा का हनुमान तथा बस स्टैंड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रमुख हैं। इसी कारण नगर में प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भक्त इस दिन हनुमान जी की प्रतिमाओं पर सिंदूर का लेप कर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं तथा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्ति भाव व्यक्त करते हैं।

---

## देवरी में प्रस्तावित स्टील प्लांट का विरोध, नारी शक्ति ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- जनसुनवाई 8 अप्रैल को, ग्रामीणों ने कहा–नहीं खुलने देंगे संयंत्र











तिल्दा तहसील के देवरी घुलघुल ग्राम पंचायत मैं प्रस्तावित अग्रसेन स्टील एंड पावर के लिए पर्यावरण स्वीकृति के लिए 8 अप्रैल को आयोजित की गई जनसुनवाई का ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर स्पंज पावर लगाए जाना प्रस्तावित है वह जमीन चारागाह के लिए सुरशित है यहाँ दोनों पंचायतो के मवेशी दशको से चरते आ रहे है। लेकिन अब बेजुबान जानवरों चारागाह वाली इस जमीन पर कारखाना खोलने की योजना बनाई गई है।घुलघुल देवरी के ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने गांव में फैक्ट्री नहीं खुलने देंगे। इसके लिए बुधवार को देवरी गांव में बैठक कर एक स्वर में विरोध करने का निर्णय लिया गया इसके पहले भी गाव वाले सामूहिक बैठक कर कारखाना खोलने का विरोध किया जा चूका है ,गुरुवार हनुमान जयंती पर घुलघुल झोने वाली जन सुनवाई के विरोध में गाव में बैठक बुलाई गई है। उधर फैक्ट्री के विरोध में न केवल अल्दा बल्कि पास के ग्राम पंचायत छपोरा ,रजिया,खुड्मुडी के सरपंच और पांच भी विरोध में आ गए हैं। घुलघुल ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एवं कृषक विजय राजपूत ने कहा कि एक तरफ सरकार पंचायत के प्रस्ताव अथवा निर्णय को सर्वोपरि मानने की बात करती है । दूसरी तरफ जब पंचायत प्रस्तावित कारखानाखुलकर विरोध कर रही है ..बावजूद जनसुनवाई की तारीख मुकर्रर कर दी गई है । इसी तरह ग्राम पंचायत देवरी वार्ड 5 की पच इश्वरी वर्मा ने प्रस्तावित जनसुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि पंचायत के द्वारा कंपनी खोलने के लिए ना तो एनओसी दी गई है। पंच सुनीता वर्मा ने कहा कि शासन हमारे विरोध को हल्के में ले रहा है और महिलाओ को निर्बल मान रहा है। गांव में रहने वाली सोनिया वर्मा भावुक होकर बोली कि मैं गांव की तरफ से प्रशासन से हाथ जोड़कर निवेदन कर रही हूं कि यहां कारखाना खोलने की मंजूरी न दें। देवरी उपसरपंच हरीश वर्मा और ग्रामीणों का कहना है कि जनसुनवाई के पहले ना ग्राम पंचायत से एनओसी ली गई है ना ही ग्रामीणों से कोई बात हुई है कुछ राजनीति पहुंच रखने वाले तथा कथित दलाल नेताओं के द्वारा जनसुनवाई के लिए समर्थन करने का वादा करजनसुनवाई प्रस्तावित की गई है जिसका हम विरोध करते है ।

## गोदाम में फायर फाइटिंग, रेत आदि की सुरक्षा के साधनों की उपेक्षा पर संचालक को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- पालिका अध्यक्ष, पार्षदों और संचालक की हुई बैठक

एलपीजी गैस की सप्लाई के चलते नागरिकों को हो रही दिक्कत को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने आज नगर पालिका में सभी पार्षदों और खाद्य निरीक्षक की उपस्थिति में गिरजा गैस एजेंसी के मालिक हिमांश ठाकुर के साथ बैठक कर नगर में गैस टंकी की सप्लाई में हो रही गड़बड़ी और अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी फटकार लगाई। बैठक में हिमांश सिंह ठाकुर ने बताया कि गिरजा गैस एजेंसी के संचालन में हस्तक्षेप करने वाले संतोष सिंह ठाकुर उनके आर्थिक भागीदार होने के साथ प्रबंधकीय भागीदार भी हैं।

हिमांश सिंह ठाकुर से होम डिलीवरी के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उज्ज्वला गैस कनेक्शन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। बैठक में यह भी सामने आया कि गोदाम में फायर फाइटिंग, रेत आदि जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं की कमी है। साथ ही एजेंसी के सामने एवं गोदाम में हितग्राहियों की भीड़ रहती है, लेकिन उनके लिए शेड या पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बैठक में पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार किया जाता है, ऐसे में आम जनता के साथ उनके व्यवहार का अंदाजा लगाया जा सकता है। गैस एजेंसी की कर्मचारी इला दुबे ने भी संतोष सिंह ठाकुर को एजेंसी में आर्थिक एवं प्रबंधकीय भागीदार होने की पुष्टि की। चर्चा के दौरान यह भी पाया गया कि गैस एजेंसी में कर्मचारियों की कमी है, जिसके कारण हितग्राहियों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान प्रोपराइटर हिमांश सिंह ठाकुर ने फील्ड ऑफिसर शांतनु रॉय से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने फील्ड ऑफिसर शांतनु रॉय से संपर्क कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी से गोदाम की दूरी अधिक है, गोदाम में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शेड और अग्निशमन व्यवस्था का अभाव है तथा कर्मचारियों की कमी के कारण होम डिलीवरी पूरी तरह बंद है, जिससे अव्यवस्था बढ़ गई है। उन्होंने इन समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा बैठक का पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है। साथ ही विभाग ने भी व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, वीरेंद्र कंडरा, पुष्कर साहू, शरद गुप्ता, खिलावन निषाद, समीर गोरी, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, तोषण साहू, खिलेश धुरंधर, राकेश सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद सुशील जलक्षत्री, तुलाराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 4.28 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका परिषद अभनपुर द्वारा अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 अंतर्गत 4 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा किया गया। नगर के धीवर समाज सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी उपस्थित रहे। इस मौके पर नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, पेवर ब्लॉक एवं अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की शुरुआत की गई। इन कार्यों से नगर के विकास को नई गति मिलने के साथ ही नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में बेहतर सुधार का लाभ मिलेगा। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि अभनपुर के समग्र विकास के लिए हमारी सरकार लगातार प्रतिबद्ध है। आज जिन 4 करोड़ से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है, वे सीधे तौर पर आम जनता की सुविधा से जुड़े हुए हैं। सड़क, नाली और आधारभूत संरचना के मजबूत होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण डोमेन्द्र साहू, श्रीमती महेश्वरी वैष्णव, श्रीमती चंपा लेदेकर, आसकरण गिलहरे, सुशीला हरवंश,दीक्षा राठी, रानू राठी,बीरेंद्र प्रताप सिन्हा,श्रीमती मीना साहू, रूपनारायण साहू, नीलकमल गिलहरे,गब्बू ध्रुव,श्रीमती गंगा हिम्मत कौर,बीरबल टंडन, राजा राय, खुशवंत सिन्हा, हेमंत तारक,नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा,इंजीनियर दुष्यंत चौहान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तकनीक विलासिता नहीं जनसेवा का बना सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज : कूंरा

धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने देश की राजधानी नई दिल्ली में 'नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर' (द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय 'वर्कशॉप फॉर लेजिस्लेटर्स' में सहभागिता की। इस विशेष कार्यशाला का आयोजन जनप्रतिनिधियों को आधुनिक गवर्नेंस टूल्स और डिजिटल संचार की बारीकियों से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया था।

कार्यशाला के मुख्य एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि हम एक ऐसे युग में हैं जहाँ तकनीक केवल विलासिता नहीं, बल्कि जनसेवा का सबसे सशक्त माध्यम बन चुकी है। हमारा ध्येय सदैव 'राष्ट्र प्रथम' रहा है। सुशासन का अर्थ ही यही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के, बिना किसी बिचौलिये के सीधे जनता तक पहुँचे। तकनीक और सही संचार का यह संगम ही हमें 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने में सक्षम बनाएगा। आज के युग में तकनीक और सही संचार का संगम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और आधुनिक लोक प्रशासन उपकरणों के माध्यम से जनसेवा के कार्यों को अधिक प्रभावशाली, त्वरित और पारदर्शी बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री तरुण चुघ जी एवं अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों से आत्मीय भेंट की।

**शिकायत के बाद में नहीं की जा रही कार्रवाई, लोगों की सेहत भी बिगड़ रही**

# चूना पत्थर खदानों के प्रदूषण से लोग बेहाल और ब्लास्टिंग से मकानों की दीवारों में दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

- खदानों से निकलने वाली धुल से ग्रामीणों परेशान



राजधानी रायपुर के पास स्थित धनसुली , खपरी , नरदहा, बहना काड़ी में लगभग 60 से अधिक चुना पत्थर की खदाने संचालित जहां कई खदानों में पत्थर की चादरों को तोड़ने के लिए किया जा रहा हैवी ब्लास्टिंग जिससे मकानों पर होती है कम्पन और दीवारो में पड़ रहे दरारें साथ ही हैवी ब्लास्टिंग के चलते गांव की तालाब कुआं और हैड पंप सूखने लगे और पानी की किल्लत बढ़ने लगा वही पत्थर खदानों की गहराई भी 100 फिट से अधिक होने से गांव की तालाबों कुआं तथा हैंड पंप की जल स्त्रोत खदानों की ओर बह जाती हैं और खदानों से पानी को पंप से बाहर फेंकने से पानी संग्रहित नहीं हो पाए जिसके चलते वाटर लेवल नीचे जा रहे हैं।

इस समस्याओं को लेकर हमारे अखबार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। जहां चूना पत्थर की खदानों से निकलने वाली महिन को पर्यावरण को कर रहे हो दूषित जहां चूना पत्थर की चादर को कंप्रेसर मशीन से तोड़ने से लेकर पत्थर को कंक्रीट बजरी डस्ट के बनाने तक जो निकलने वाले धूल डस्त तथा कैमिकल हैवी ब्लास्टिंग जो पर्यावरण को दूषित कर रहे वही क्रेशर प्लांट में पर्यावरण के नियमों को ताक के रखकर धड़ल्ले से चल रहे प्लांट जिसका दुष्प्रभाव आसपास के गांव में दिखने को मिल रहा है। आखों में जलन बाल झड़ना चर्म रोग फेफड़ों में कफ जमना , तथा सिलिकोसिस जैसे बीमारी से ग्रसित हो रहे। क्रशर मशीन से गिट्टी बजरी बनाने के दौरान क्रेशर मशीन में पानी की छिड़काव नहीं किए जाने के कारण क्रेशर प्लांट उससे उड़ने वाली धुल के महीन कण आस पास के वातावरण को दूषित कर रहे है। जिससे गांव के तालाब के पानी भी दूषित हो रहे है। इस मामले को लेकर माइनिंग विभाग ने आज जिला रायपुर के तहसील मंदीरहसौद अंतर्गत ग्राम नरदहा , धनसुली एवं खपरी में आज खनिज विभाग के सह. खनिज अधिकारी उमेश भार्गव व स्तुति निगम द्वारा अचानक चूनापत्थर खंदानो की जाँच करने की मांग की है।

## ड्यूटी आवर पर मजदूर बिफरे प्रबंधन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

बंदना ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठाई। दुर्गा प्रसाद बंजारे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मजदूर संघ (इंटक) के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से 12 घंटे की ड्यूटी को घटाकर 8 घंटे करने की मांग की गई है। मजदूरों का कहना है कि लंबे समय तक काम करने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए श्रम कानूनों के अनुसार 8 घंटे की ड्यूटी लागू की जाए।

इसके साथ ही मजदूरों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि कई स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का अभाव है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रबंधन से हेलमेट, ग्लव्स, मास्क सहित अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की गई।

मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके वेतन से पीएफ और ईएसआई की राशि नही काटी जा रही है, लेकिन इसका सही तरीके से लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने पारदर्शिता के साथ पीएफ एवं ईएसआई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की।

इसके अलावा मजदूरों ने कलेक्टर दर के अनुसार उचित मजदूरी देने की मांग भी रखी। उनका कहना है कि वर्तमान में उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

15

101 लीटर दूध से भक्तों ने किया ...

## सिटी लाइव

### कैंसरमुक्त समाज का संदेश देने वॉकथॉन में दौड़े 2500 लोग



रायपुर। वेदांता के बालको मेडिकल सेंटर की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को बीएमसी वॉकथॉन 2026 का आयोजन किया गया। इसमें 2500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वॉकथॉन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता देखने को मिली, जिसमें स्केटिंग समूह, पैरा-ओलंपिक खिलाड़ी, घुड़सवार, स्कूली बच्चे, महाविद्यालयीन छात्र, सीएपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ के जवान, आध्यात्मिक संस्थाएं, गैर-सरकारी संगठन, सार्वजनिक उपक्रम, दवा कंपनियां एवं फिटनेस के प्रति जागरूक नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक अरुण कुमार गौतम, बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही एवं डियर फाउंडेशन, स्विट्जरलैंड की संस्थापक सोनिया डेनर द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग-ऑफ कर किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल टीम उपस्थित रहे। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए जुम्बा सत्र का भी आयोजन किया गया।

#### कैंसर-मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत

इसके अतिरिक्त, यदि कोई संस्था, समाज या गैर-सरकारी संगठन कैंसर जागरूकता या स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करना चाहता है तो वे बालको मेडिकल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। ये सभी कार्यक्रम अस्पताल द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत निःशुल्क आयोजित किए जाते हैं। वेदांता का बालको मेडिकल सेंटर एक कैंसर-मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## इवेंट लाइव

### मोबाइल के चलन से बच्चे खो रहे संस्कार इससे बचने पेरेंट्स भी साथ में ले रहे सलाह



रायपुर। माता-पिता नौकरीपेशा होने से उनके पास बच्चे को खेलाने और उनसे बात करने के लिए समय नहीं होता है। कॉन्वेंट स्कूलों में जाने वाले बच्चे पढ़ाई के बाद घर आते हैं, अब फिर तीन से चार घंटे के लिए अकेले हो जाते हैं। ऐसे बच्चों के हाथों में मोबाइल भी दिया है। नौकरीपेशा ज्यादातर लोग घर लौटने के बाद भी मोबाइल में काम करते रहते हैं। इसे देखकर बच्चा भी माता-पिता से दूर ही रहने लगता है और वहां अपना ज्यादातर समय मोबाइल में गेम्स खेलने और कॉर्टून देने में लगाते हैं। जहां उन्हें कई तरह के रिल्स, कार्टून कैरेक्टर ही नहीं, कई तरह के ऐसे गेम्स देखकर बच्चे का व्यवहार भी उन कैरेक्टर्स की तरह होता है। सही और गलत के बीच उनका विवेक अंतर नहीं कर पा रहा है। इससे वे घर-परिवार में संवाद के बीच मर्यादाओं की सीमा को लांघने लगे हैं।

#### बच्चों को सफलता की कहानी, अपनी यादें

चाइल्ड स्पेशलिस्ट आकाश लालवानी एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. वर्षा ने बताया कि इस तरह की समस्या दो साल से 13 साल के बच्चों में ज्यादा है। इससे बचाव के लिए उन्हें स्कूल होमवर्क को अपने नंबर पर मंगाने और बच्चों को कीपेड मोबाइल देने की सलाह देते हैं। साथ ही माता -पिता को घर में मोबाइल का उपयोग कम करते हुए खाली समय में बच्चों के साथ खेलने और अपने दौर की यादों पर संवाद करने की आदत बनाने की सलाह देते हैं। साथ ही बच्चों को मोबाइल की बजाय माता-पिता और दोस्तों के साथ अलग-अलग गेम्स और स्टडी को प्राथमिकता से बताने के लिए ऐसे चेहरे जिन्हें बच्चे टीवी स्क्रीन पर देखते हुए उनके संघर्ष की कहानी बताने को कहते हैं।

● अब दुनिया भर के पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और शोधकर्ताओं का केन्द्र बनेगा छत्तीसगढ़

# नक्सल मुक्त ट्राइवल एरिया की संस्कृति और सौंदर्य को निहारने की अब जगी आस

**हमारा छत्तीसगढ़ की जनजातीय क्षेत्र हमेशा से ही दुनिया भर के पर्यटन प्रेमियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण व जिज्ञासा का केंद्र रहा है। यहां की समृद्ध जनजातीय संस्कृति को जानने और यहां की रमणीय प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाने को लोग आतुर रहे हैं, लेकिन नक्सलवाद के खौफ ने लोगों के इस मुराद को बरसों से पूरा होने नहीं दिया।**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वे जनजातीय क्षेत्र, जो लाल आतंक का गढ़ माना जाता था, जहां बारूद, गोलियां और रक्त रंजीत जल, जंगल, जमीन होती रही है। आज हमारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के नासुर से पूरी तरह से मुक्त हो चुका है। अब यहां दुनिया भर के पर्यटन प्रेमी, शोधार्थी छात्र-छात्राएं, युवा जनजातीय क्षेत्रों की मनोरम प्राकृतिक दृश्यों, ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों और समृद्ध जनजातीय संस्कृति, जीवन शैली से बिना किसी डर और खौफ के रूबरू हो सकेंगे।

### बस्तर की खूबसूरती का दीदार करने उत्सुक हूं



शहर के युवा अंकित बंजारे का कहना है कि उनकी दिली ख्वाहिश रही है कि दोस्तों के साथ और परिवार वालों के साथ बस्तर की खूबसूरत वादियों का दीदार करूं। लेकिन, नक्सली गतिविधियों के बारे में सोच कर मन को रोकना पड़ता था। आज जब छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो गया है तो आने वाले दिनों में जल्द ही टूर प्लान करेंगे।

### बस्तर अंचल की प्रकृति को देखने की ख्वाहिश



शहर के सुप्रिया चेलक का कहना है कि नक्सलवाद ने हम युवाओं को बस्तर अंचल की प्राकृतिक सौंदर्य व संस्कृति से अब तक दूर रखा है। नक्सलमुक्त होने से अब युवाओं को जनजातीय संस्कृति व प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। मेरा हमेशा से बस्तर अंचल की प्रकृति को देखने की ख्वाहिश रही है।

### दुनिया भर में छत्तीसगढ़ का मान और बढ़ गया



शहर के युवा मनोज शर्मा का कहना है कि प्रदेश के नक्सलमुक्त होने से दुनिया भर में अब छत्तीसगढ़ का मान और बढ़ा गया है। अब देश व दुनिया से छत्तीसगढ़ आने वाले पर्यटक व मेहमानों की भीड़ लगेगी। कोई भी अब नक्सलवाद के नाम से झिझकेगा नहीं, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और संपन्नता के नाम से खींचे चले आएंगे। हम भी अपने जनजातीय भाई-बहनों व उनके संस्कृति से बेखौफ होकर जुड़ पाएंगे।

### जनजातीय युवाओं से जुड़ने का अवसर



प्रकृति शर्मा का कहना है कि छत्तीसगढ़ का नक्सलमुक्त होने का मतलब है, विकसित राज्य बनने का दरवाजा खुलना। अब हमारे आदिवासी भाई-बहन भी हमारे साथ मिलकर विकास की मुख्यधारा में साथ चलेंगे। इसके साथ ही हम शहरी युवाओं को ट्राइबल टूरिज्म के माध्यम से जनजातीय युवाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

### शोधार्थी छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन का नया सब्जेक्ट



युवा हेमंत पाल का कहना है कि आदिवासी संस्कृति पर शोध करने वाले छात्र-छात्राएं अब उन जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंच कर वहां की भौगौलिक स्थिति, पर्यटन, पुरात्विक अवशेषों, ऐतिहासिक धरोहरों, पादप-औषधियों आदि विषयों में अध्यनन कर पाएंगे। यह उनके लिए एक नए सब्जेक्ट व अवसर होगा, जो छत्तीसगढ़ व मानव समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं, यहां हम युवाओं के लिए ट्राइबल टूरिज्म का अवसर खुल गया है।

नक्सलमुक्त जनजातीय क्षेत्रों का लाभ संपूर्ण छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए लाभप्रद साबित होगा। इससे न केवल समृद्ध जनजातीय संस्कृति, जीवन शैली से लोग रूबरू होंगे, बल्कि उनको जी भी सकेंगे। हमारे छत्तीसगढ़ के नक्सलमुक्त होने को लेकर हरिभूमि की टीम ने शहर के युवाओं से बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया जानी। इस पर शहर के युवा प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के नदी, जंगल, पहाड़ और आदिवासी संस्कृति को नजदीक से देखने-जानने को अब उत्सुक लग रहे हैं।

### अब यहां बेखौफ होकर कर सकेंगे यात्रा

**नारायणपुर**

समृद्ध जनजातीय संस्कृति मुरिया, माड़िया, गोंड, अनोखे मावली मेले, पारंपरिक ढोकरा शिल्प और अबुझमाड़ के घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध। प्रमुख पर्यटन स्थलों में हान्दवाडा जलप्रपात, माता मावली मंदिर, रामकृष्ण मिशन आश्रम और बेंतूर घाटी, भटघाट जलप्रपात शामिल हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह एक शांत और सुरम्य स्थान।

**सुकमा**

समृद्ध जनजातीय संस्कृति गोंड, माड़िया और मुड़िया जनजातियां, जिनकी संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य जैसे- करसाड़ और परंपराएं अद्वितीय हैं। घने जंगलों और प्राकृतिक सुंदरता के बीच तुंगल बांध, दुधमा जलप्रपात और रामाराम मंदिर, ऋषि इंजि के आश्रम, शबरी नदी प्राकृतिक दृश्य बहुत मनोरम हैं।

**गरियाबंद**

पिछड़ी कमार, भुंजिया जनजातियां और संस्कृति, पारंपरिक गहनों खिनवा, बाड़ी, करधन और सांस्कृतिक संरक्षण पर आधारित हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों में भूतेश्वरनाथ, जतमई-घटारानी जलप्रपात और उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व, सिकासेर बांध शामिल हैं।

**कांकेर**

दक्षिण में स्थित कांकेर समृद्ध जनजातीय संस्कृति में गोंड, मुरिया, मारिया और भतरा जनजातियों की निवास स्थली। पारंपरिक हस्तशिल्प, नृत्य और मती-तिहार प्रमुख हैं। पर्यटन में गड़िया पहाड़, मलंजकुदुम झरना और ऐतिहासिक कांकेर पैलेस, चार्रे-मार्रे जलप्रपात, मां शिवानी मंदिर प्रमुख आकर्षण हैं।

**दंतेवाड़ा**

समृद्ध जनजातीय संस्कृति जैसे- माड़िया, मुड़िया अपनी अनोखी कला, नृत्य और घोटुल परंपरा के लिए जाने जाते हैं। मुख्य पर्यटन स्थलों में मां दंतेश्वरी मंदिर, बारसूर, ढोलकल गणेश और बैलाडीला पहाड़ियां, गमावाड़ा स्मृति स्तंभ, फुलपाड़ जलप्रपात, बोधघाट सातधार शामिल हैं।

**बीजापुर**

समृद्ध जनजातीय संस्कृति गोंड, मड़िया और दंडकारण्य का हिस्सा हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों में इंद्रावती नेशनल पार्क, भैरमदेव और नमबी जलप्रपात, भद्राकाली मंदिर, इंचमपल्ली बांध, लंकापल्ली अपनी शांत और अछूती सुंदरता के लिए जाना जाने वाला स्थल।

## सूखते खैर के पेड़ों में झलकती जीवन की आस

रायपुर। गर्मी का असर अब खैर के जंगल में भी नजर आने लगा है। जिसे देखकर ऐसा प्रतीत है, मानो उनमें जीवन के लिए संघर्ष कम नहीं हुआ। उनमें जीवन को बरकरार रखने की आस अभी बाकी है। कुछ ऐसा ही दृश्य इन दिनों गोड़ी गांव स्थित जंगल में लगे हजारों खैर के पेड़ों को देखने में लगता है। भले ही सूखे नजर आ रहे हों, लेकिन जीवन की आस कम नहीं हुई है। दरअसल, गर्मी के मौसम में खैर के पेड़ स्वाभाविक रूप से सूखे दिखाई देते हैं, जो उनकी प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है।





## पंजाबी वुमेंस ने सनडाउनर पार्टी में प्रस्तुति से जमाया रंग



रायपुर। पंजाबी वुमेंस एसोसिएशन ने रंगारंग सनडाउनर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियों ने लाइव म्यूजिक, डांस और भांगड़ा डांस का खूब आनंद लिया। टीम मेंबर्स, अध्यक्ष गुरनीत छाबड़ा, सचिव सिमरन कोहली, नीतू होरा, कोषाध्यक्ष सतनाम कौर, शीत, पूजा और सोनल ने इस पूरे आयोजन को पंजाबी महिलाओं के लिए आयोजित किया। कार्यक्रम में शहर के नामी भांगड़ा टीम 'नागरा ब्रदर्स' ने माहौल और समां बांध दिया। लोगों ने प्री-बैसाखी सेलिब्रेशन भी किया। समारोह में सभी के लिए हाई-टी आदि का प्रबंध किया गया था, इसका सभी ने आनंद लिया।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स- 2026 में बिखरे कई रंग, विजेता बनने वाले खिलाड़ियों ने बताई अपनी कहानी

# हमाम ने दूध बेचने के साथ शुरू किया खेलना और जीता पहला गोल्ड मेडल, बेथलीन ने भी बयां किया संघर्ष

**जब जम्मू-कश्मीर के हमाम हुसैन कुश्ती का अभ्यास नहीं कर रहे होते, तो अपने बड़े भाई के साथ घर-घर जाकर दूध पहुंचाने का काम करते हैं। जम्मू के जोरावर निवासी 28 वर्षीय हमाम के लिए जिंदगी और खेल हमेशा साथ-साथ चले हैं। पांच साल पहले पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा।**

रायपुर। यह संघर्ष उन्हें खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का हिस्सा बना दिया। जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह उनके 14 साल के कुश्ती कॅरियर का पहला राष्ट्रीय स्तर का स्वर्ण पदक है।

### अखाड़े में सीनियर पहलवान ही मार्गदर्शक

उन्होंने बताया कि मेरे बड़े भाई भी पहलवान थे और राज्य स्तर पर खेल चुके हैं। पिता के निधन के बाद सारी जिम्मेदारी हम पर आ गई। मेरे भाई को कुश्ती छोड़नी पड़ी और उन्होंने दूध बेचना शुरू कर दिया। हमाम ने आगे बताया कि मेरे पास कोई व्यक्तिगत कोच नहीं है। अखाड़े में सीनियर पहलवान मार्गदर्शन देते हैं। जब हम मैट पर अभ्यास करते हैं, तब वहां कोच होते हैं। गांवों में हमें शहरों जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। अगर बेहतर सुविधाएं मिलें तो हमारे क्षेत्र के पहलवान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पदक जीत सकते हैं। मेरे लिए यह स्वर्ण पदक सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है।



### बेटी होने के नाते इस चुनौती को स्वीकारा

उन्होंने बताया कि मेरे कोच और परिवार के सहयोग ने आगे बढ़ने की ताकत दी। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बेटी होने के नाते इस चुनौती को स्वीकार किया। खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इसके बाद इस अवसर का हिस्सा बनी। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले एडिशन में भाग लेने के लिए जगदलपुर का रुख किया। अब इस खेल के माध्यम से महिलाओं की रेस-वॉक स्पर्धा में 1:05:18 का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। वहीं, झारखंड की नेहा जालक्सो (1:04:02) और ओडिशा की एलीश एक्का (1:04:59) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं।



### युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने जीता दिल

जनवरी 2026 में रेस-वॉक शुरू करने वाली शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने बताया कि मैंने खुद पर यकीन किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कांस्य पदक जीतने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि शिलांग के सांई स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में कोच ने अचानक मुझमें रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। जबकि मैं इस इवेंट के बारे में कुछ नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें। पिछले साल तक मेघालय में लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के लिए मुकाबला कर रही थीं। लेकिन, 2026 की शुरुआत में खेल बदलने के लिए कहा गया, जिससे शारीरिक और मानसिक ताकत की परीक्षा हुई।

सिटी लाइव

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में 11 व्यक्तियों को जैन रत्न अलंकरण सम्मान



**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की ओर से 2625वीं महावीर जयंती के पावन अवसर पर दादाबाड़ी में समाज के रत्नों को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 समाजजनों और पांच संगठनों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से जैन रत्न अलंकरण और विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में स्टार जैन और नेमचंद खुशालचंद बटाविया, शिक्षा के क्षेत्र में अर्चना जैन, नमन गोलछा, दिशा जैन, वकालत के क्षेत्र में सुगंधा जैन, दानशीलता के लिए सुरेश बाघमार जैन, समाजसेवा के क्षेत्र में अजय मधुकर काले, जैन समाज की पहली महिला पायलेट, उद्यमिता के क्षेत्र में ऋतु एस चौरड़िया, न्यायलीन सेवा के क्षेत्र में करुणा सिंगी को सम्मानित किया गया। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में यह पावन पर्व मनाया गया। महोत्सव में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास किया गया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर चलती रही। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़े।

> मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया सम्मानित, सेवा कार्य करने वाले पांच संगठनों को मिला विशिष्ट सम्मान


### विशिष्ट सम्मान से नवाजे गए पांच संगठन

भगवान महावीर जयंती के मुख्य कार्यक्रम में पांच संगठनों को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें विहार सेवा ग्रुप को साधु-साध्वी वैयावच्च के लिए, भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट को समाज सेवा व चिकित्सा सेवा के लिए, जैन प्रयास ग्रुप को निशुल्क दवा वितरण के लिए, श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर को धर्म सेवा प्रभावना के लिए और मनुबाई आसकरण चोपड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट को निशुल्क भोजन वितरण के लिए सम्मानित किया गया।

● हनुमान जयंती आज, पूर्व संध्या से ही मंदिरों में भक्तिपूर्ण आयोजनों की हुई शुरूआत

# 101 लीटर दूध से भक्तों ने किया हनुमान जी का अभिषेक अखंड रामायण पाठ, शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बुधवार को हनुमान जयंती के पूर्व संध्या से ही शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बना। मंदिरों में साज-सज्जा के साथ ही हनुमान जी की अभिषेक-पूजा, आरती, अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ का आयोजन किए गए। हनुमान जयंती को लेकर हनुमान भक्तों में उत्साह का महौल है। आज हनुमान मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को लेकर हनुमान मंदिरों की समितियों व पुजारियों ने बताया कि श्री हनुमान जयंती पर मंदिरों में अभिषेक, चोला श्रृंगार, भव्य महाआरती, सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन होंगे।



**रायपुर।** मंदिरों में सुबह से ही हनुमानजी की विशेष पंचामृत अभिषेक और चोला श्रृंगार होगा। वहीं, दोपहर में महाआरती के बाद भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम को आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा और भजन संध्या के आयोजन होंगे। प्रमुख रूप से पुरानी बस्ती स्थित बावली वाले हनुमान मंदिर, तात्यापारा स्थित हनुमान मंदिर और गुढ़ियारी पड़ाव के स्वयंभू मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। वहीं, रेलवे स्टेशन स्थित संकटमोचन मंदिर में भव्य आतिशबाजी, श्रृंगार और महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दूधाधारी मठ हनुमान मंदिर भी एक प्रमुख प्राचीन स्थल है, यहां भी जयंती को लेकर तैयारियां हो रही हैं। इसके अलावा शहरभर के हनुमान मंदिरों में भक्त दर्शन-पूजा के लिए बड़ी संख्या में जुटेंगे।










### श्री जानकी राम महावीर स्वामी हनुमान मंदिर में हुआ दुग्धाभिषेक

बैरन बाजार स्थित श्री जानकी राम महावीर स्वामी हनुमान मंदिर में 101 लीटर दूध से हनुमान जी का दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिर में सुबह से ही दर्शन व अभिषेक पूजा के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।



### श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुआ अखंड रामायण पाठ



स्वामी विवेकानंद आश्रम के सामने रामकुंड स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जय बाबा पंचानन शिव परिवार द्वारा बुधवार को सुबह 10 बजे से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वहीं, गुरुवार को शाम 4 बजे हनुमानजी का जन्मोत्सव व हवन एवं 3 को शाम 4 बजे भव्य भोग भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी आचार्य वेदप्रकाश पांडेय ने सभी भक्तजनों को आयोजन में आमंत्रित किया।

### आज श्रीहनुमान चालीसा अखंड 108 पाठ



आज हनुमान जी की जयंती पर श्री राधा कृष्ण मंदिर संजय नगर रायपुर में हनुमानजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्रीहनुमान चालीसा का 108 पाठ के आयोजन का द्वितीय वर्ष है। सुबह 8 बजे से श्री हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ होगा, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। मंदिर के संरक्षक सुभाष तिवारी ने बताया कि रायपुर शहर के हनुमान भक्त और प्रेमी सादर आमंत्रित हैं।

### श्रीराम सेना ने निकाली हनुमान जन्मोत्सव विशाल शोभायात्रा



श्रीराम सेना रायपुर के द्वारा भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम सेना रायपुर छत्तीसगढ़ जिला अध्यक्ष शक्ति दुबे ने बताया कि हनुमान जयंती के पूर्व संध्या पर हर वर्षों की तरह पंचमुखी हनुमान जी मंदिर गुढ़ियारी से भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का दरबार और भक्त हनुमान जी की मूर्ति ट्रैक्टर में स्थापित कर पूजा-अर्चना कर श्रीराम सेना रायपुर श्रीराम परिवार समस्त हिंदू समाज के द्वारा भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, बजरंग चौक संतोषी नगर हनुमान मंदिर से भी शोभायात्रा निकली। यह शोभायात्रा सिद्धार्थ चौक तक निकली। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

# शिक्षा भूमि



Admissions Open
2026-27




श्री हनुमानजी महाराज के जन्मोत्सव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय जय जय हनुमान गोसाई
कृपा करहु गुरूदेव की नाई
मुकेश शाह
संचालक - वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर (छ.ग.)
संयोजक - तिरंगा वंदन मंच, रायपुर (छ.ग.)
जीते जी रक्तदान - जाते जाते नेत्रदान



SHANTINIKETAN PUBLIC SCHOOL
NURSERY TO CLASS 12TH
( MATHS, COMMERCE, BIO )
ADMISSION FREE




ADMISSIONS OPEN 2026-27
बाजार चौक के पास, चंगोराभाटा, रायपुर
मो.: 0771 2243085, 2242890, 9425526891, 8827376688
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल चौक के पास, बोरियाकला
मो.: 9479116868, 7828168418



## श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें

हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से जुड़ा पर्व है, जिसे पूरे देश में बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भगवान श्रीराम के परम भक्त, अजर-अमर, बलवान और बुद्धिमान श्री हनुमान जी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि हनुमान जी का जन्म चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था, इसलिए इस दिन विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। हनुमान जी को शक्ति, साहस, समर्पण और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। रामायण में उनका चरित्र हमें निस्वार्थ सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और प्रभु भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में हर कठिनाई का सामना धैर्य और पराक्रम से किया और सदैव धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहे हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का आयोजन और भजन-कीर्तन किए जाते हैं। भक्तगण सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान का दर्शन करते हैं और उनसे सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और संकटों से मुक्ति की कामना करते हैं। कई स्थानों पर शोभायात्राएं भी निकाली जाती हैं, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

इस दिन हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल, गुड़-चना और लड्डू अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई पूजा से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के सभी कष्ट दूर करते हैं। हनुमान जन्मोत्सव हमें यह संदेश देता है कि जीवन में कठिन परिस्थितियों से घबराने के बजाय साहस, आत्मविश्वास और ईश्वर में अटूट विश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हनुमान जी की भक्ति हमें सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करती है, जिससे हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। आज के समय में जब जीवन में तनाव और चुनौतियां बढ़ रही हैं, ऐसे में हनुमान जी की शिक्षाएं और उनका आदर्श जीवन हमें सही दिशा दिखाता है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा भी देता है। अतः हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज में प्रेम, सेवा और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। यही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है।

जय श्री राम, जय हनुमान!



PAARAS INSTITUTE OF EDUCATION
ADMISSION OPEN
UNIVERSITY AFFILIATED
DIPLOMA COURSE
DCA
PGDCA
INSTITUTE COURSE
• TALLY GST
• ADVANCE EXCEL
• BASIC COMPUTER
• TYPING CLASSES
• CCA+ TALLY
• GRAPHICS DESIGNING
• SPOKEN ENGLISH CLASSES
0771-3585942, 6263903865
Ring road no1, near mahavir sweets, Bhatagaon chowk Raipur





PRANAVANANDA ACADEMY
An English Medium Senior Secondary School
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation on 3330050)
www.bssparaipur.co.in
ADMISSION OPEN
Session -2026-27
Salient Features- • This is run & managed by the world renowned philanthropic organization of monks- Bharat Sevashram Sangha.
• Man making education is the motto of this School



Nursery to Class IX & XI
VIP Road, Raipur (C.G.)
Mob. : 79873-74076, 83497-84854, 73896-25110

ANGELS SCHOOL OF EXCELLENCE (Since 2000)
NO ADMISSION CHARGES
On The Occassion of 25th Year Anniversary
25 Years ANNIVERSARY
ADMISSION OPEN
from Pre-Nursery to Class XII
संस्कृति के साथ संस्कारों की शिक्षा
ATTRACTIONS IN ANGELS
• Admission Open for Special Children,
• Skill Development Classes,
• Sanskar Classes,
• Special Attention on Weak Students,
• Teaching through Digital Platform,
• Sports, Karate, Meditation,
• Snacks & Transport Facility
Near Pension Bada, DEO Office/Shailendra Nagar, Vivekanand Nagar, Raipur
MOB. : 93294-05594, 93002-05000

## खबर संक्षेप

### सांसद पांडेय ने बघेल को दी खुली चुनौती

रायपुर। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, वे जिस तरह से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को डिबेट के लिए चुनौती दे रहे हैं, यह कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के नक्सलमुक्त भारत होने का दर्द है। अब कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को डर सताने लगा है कि छत्तीसगढ़ की जनता को अब किनसे डराएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस को देश में क्या चल रहा है, इससे कोई मलतब नहीं है, तभी तो उनके नेता एवं लीडर ऑफ ऑपोजिशन देश की समस्याओं से चर्चा करने के बजाय सदन से हमेशा गायब रहते हैं। जब सदन में नक्सलवाद के मुद्दे पर चर्चा हो रह थी, तब उनके नेता राहुल गांधी सदन में उपस्थित क्यों नहीं थे? पलायन कर कहीं भाग खड़े होते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चुनौती को स्वीकार करते हुए कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा, पूर्व मुख्यमंत्री उनके सवालों का जवाब दें तो वे जहां पर, जिस चैनल में हों या फिर सार्वजनिक सभा में डिबेट के लिए तैयार हैं।

### कांग्रेसियों ने भाठागांव शराब दुकान का किया घेराव



रायपुर। भाठागांव क्षेत्र में संचालित देशी-विदेशी शराब दुकानों और अहातों के खिलाफ मंगलवार को जनाक्रोश फूट पड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों क्षेत्रीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शराब दुकान का घेराव किया। प्रदर्शन का अनोखा पहलू यह रहा कि प्रदर्शनकारियों ने शराब खरीदने आए लोगों को गुलाब का फूल भेंट कर गांधीवादी तरीके से शराब न खरीदने और नशा छोड़ने का विनम्र निवेदन किया। घेराव का नेतृत्व कर रहे कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश सरकार और आबकारी विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल और वॉलफोर्ट सिटी जैसे रिहायशी इलाकों के पास शराब दुकानें खोलकर जनता की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, सोनकर पारा, आनंद नगर, ब्रह्मदेव कॉलोनी और बीएसयूपी जैसे क्षेत्रों की महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है।

# नगरीय प्रशासन की तत्परता, केंद्र से छत्तीसगढ़ को 48 घंटों में मिले 15वें वित्त आयोग से 404 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्तीय वर्ष 2025-26 के आखिरी 48 घंटों में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 'मिशन मोड' में काम करते हुए राज्य के नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग की 404 करोड़ 66 लाख रुपये की बड़ी राशि प्राप्त की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के विशेष प्रयास, तत्परता, कुशल मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय से विभाग ने यह राशि हासिल करने में कामयाबी पाई है।

## साव के निर्देश पर अधिकारियों ने मिशन मोड में किया काम



### 24 घंटों में पूरी की गई कई प्रक्रियाएं

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने दिन-रात काम करते हुए मात्र एक दिन में ही कोषालय (ट्रेजरी) से राशि निकाल कर निकायों को ट्रांसफर की और 'ग्रांट ट्रांसफर सर्टिफिकेट' तैयार कर केंद्र सरकार को भेज दिया। नगरीय प्रशासन विभाग की इस त्वरित कार्यवाही तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय व केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के साथ बेहतरीन समन्वय का नतीजा यह रहा कि बिना समय गवांए छत्तीसगढ़ के लिए 202 करोड़ 33 लाख रुपये की दूसरी किस्त भी तुरंत मंजूर हो गई। इस राशि से अब प्रदेश के नगरीय निकायों में विकास कार्यों, पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं को नई रफ्तार मिलेगी।

नगरीय प्रशासन विभाग की लगातार कोशिशों से वित्तीय वर्ष खत्म होने के ठीक पहले 30 मार्च को राज्य को भारत सरकार से 15वें वित्त आयोग की 202 करोड़ 33 लाख रुपये प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर विभाग द्वारा सभी निकायों को तुरंत यह राशि अंतरित की गई और अगली किश्त की पात्रता के लिए तत्काल ग्रांट ट्रांसफर सर्टिफिकेट तैयार कर त्वरित माँग प्रस्तुत किया गया। नियमानुसार ग्रांट ट्रांसफर सर्टिफिकेट समय-सीमा में प्रस्तुत होने से केंद्र सरकार से अगली किस्त की राशि मिलने की पात्रता छत्तीसगढ़ को मिल गई। कुछ ही घंटों में राज्य को दूसरी किस्त के भी 202 करोड़ 33 लाख रुपये की मंजूरी प्राप्त हो गई।

# 4 महीने से नहीं मिली सामाजिक पेंशन, 15 दिन में जारी नहीं हुई तो कांग्रेस घेरेगी संचालक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पेट्रोल पंप से केरोसिन वितरण का विरोध

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रायपुर शहर के 5 हज़ार से अधिक वृद्धजन, विधवा महिलाएं तथा दिव्यांग जनों के साथ केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा किए जा रहे अन्यायपूर्ण व्यवहार के ख़िलाफ़ कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। पिछले 4 महीने ये हितग्राहियों जो सामाजिक पेंशन से अपना जीवन यापन करते हैं, उनको पेंशन नहीं प्राप्त हो रही है, जिससे उनको दाने दाने का मोहताज होना पड़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार लापरवाही से सोयी हुई है। ये दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं विधवा माताएं-बहनें रोज़ाना पार्षद कार्यालय, नगर निगम मुख्यालय, ऑफिसों का चक्कर लगाकर थक गईं, लेकिन इनकी पेंशन राशि अप्राप्त है, इसलिए ये लोग कांग्रेसजनों के पास पहुंचे थे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने सामाजिक कल्याण कार्यालय स्थित जॉइंट डायरेक्टर विनोद गेडाम का उनके कार्यालय में घेराव किया और गरीबों को रुके हुए पेंशन दिलाने की मांग की। कई हितग्राहियों ने 9 महीने से पेंशन खाते में ना आने की शिकायत की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर गरीबों पर अत्याचार करने और उन्हें दाने दाने के लिए तरसवाने का आरोप लगाया।

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने राज्य सरकार के मंत्रियों पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए कहा, जब सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का हाल इतना बेहाल है, तो आम जनता का क्या होगा। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने घेराव स्थल से विभाग के सेक्रेटरी भुनेश्वर यादव से बात कर पेंशन ना मिलने के संबंध में जानकारी दी, तो उन्होंने केंद्र सरकार के सॉफ्टवेयर को कारण बताया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन में पेंशन धारको को पेंशन देने के संबंध में कोई नीति नहीं बनाई गई, तो डायरेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



### केरोसिन का वितरण राशन दुकानों से हो

कांग्रेसी जिलाधीश कार्यालय स्थित खाद्य फ़ूड ऑफिस पहुंचे। उन्होंने मिट्टी तेल वितरण की नई नीति को दोषपूर्ण बताया है। 2 पेट्रोल पम्प से पूरे शहर की आम जानता को मिट्टी तेल देने से पेट्रोल पम्प में मिलावटखोरी बढ़ेगी और साथ ही आम जानता को दूर-दूर से आकर केरोसिन लेने में दिक्कत आएगी। कांग्रेसियों ने मांग की है कि राशन दुकानों से केरोसिन की बिक्री की जाए, जैसे कांग्रेस सरकारों में किया जाता था। खाद्य अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वे राशन दुकानों से ही वितरण मिट्टी तेल का वितरण करायेंगे।

### ये थे उपस्थित

इस दौरान पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, आकाश तिवारी, प्रकाश जगत, सत्यप्रकाश नायक, श्रीनिवास, राज देवांगन, डॉ अनुराम साहू, मो ताहिर, हीरेंद्र देवांगन, महेंद्र सेन, सुशांत डे, दीपक चौबे, अविनय दुबे, सुनील भुवाल, गौरीशंकर पांडे, देवकुमार साहू, कमल धृतलहरे, मिलिंद गौतम, सुरजीत सिंह, सुयश शर्मा, सुरेश बुधवानी, ईश्वर चक्रधारी, वेंकट कुमार, गंगा निषाद, पिंकी बाग, लक्ष्मण सेन, सागर टांडी, सत्तू सिंह, प्रदीप देवांगन सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे ।

# नई डिजिटल सेवाओं का विस्तार, इंद्रावती में केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा राज्य में वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कई नई डिजिटल सेवाओं का शुभारंभ किया गया है। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विभागों एवं अन्य हितधारकों को सरल, सुलभ एवं आधुनिक सेवाएं प्रदान करना है।

इसी क्रम में ई-चालान के अंतर्गत ओटीसी प्रणाली को 1 अप्रैल से सभी प्रकार की शासकीय प्राप्तियों को जमा करने के लिए प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से अब नागरिक एवं संस्थाएं ऑनलाइन माध्यम से चालान तैयार कर राजस्व का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। इससे भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल एवं समयबद्ध होगी तथा लेखांकन में आसानी होगी। कोषालयों में ऑनलाइन बीटीआर सुविधा भी प्रारंभ की गई है।

### भुगतान प्रक्रियाओं आएगी दक्षता- संचालक

संचालक कोष, लेख एवं पेंशन की संचालक पद्मिनी भोई साहू इंद्रावती भवन, कोष लेखा विभाग में राज्य के केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि व्यवस्था के तहत भारत सरकार से प्राप्त होने वाले राशी के लिए उपयोग की जाने वाली एसएनए स्पर्श प्रणाली से संबंधित भुगतानों का संचालन अब अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं केंद्रीकृत तरीके से किया जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रियाओं में दक्षता आएगी।

### नई वेबसाइट लांच

इसके अतिरिक्त, संचालनालय कोष एवं लेखा की नई वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, जिसमें उपयोगकर्ता को कार्यालय से सबन्धित अद्यतन जानकारी, विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं एवं आवश्यक सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी। संचालनालय का यह अभिनव प्रयास राज्य में वित्तीय प्रशासन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने तथा डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नक्सलवाद का अंत : गाड़ा महिला मंच ने किया शहीदों को नमन



रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे के लिए निर्धारित समयसीमा 31 मार्च 2026 के अनुरूप देश को नक्सलमुक्त घोषित किया जाना भारत, विशेषकर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। छत्तीसगढ़, जो कभी शांति का टापू कहलाता था, लंबे समय तक नक्सलवाद की समस्या से प्रभावित रहा। इस चुनौती के कारण राज्य के विकास की गति प्रभावित हुई, विशेषकर बस्तर अंचल में किंतु आज नक्सलवाद पर निर्णायक जीत के साथ छत्तीसगढ़ एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहां विकास, शांति और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। इसी ऐतिहासिक अवसर पर सामाजिक संस्था गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। वीर जवान शहीदों को दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जगत, पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष बसंत बाग, दयालु गाड़ा आदि उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में बताए संगठन के कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राजधानी के मंडल कार्यकर्ता और पदाधिकारी हुए शामिल

भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत रायपुर जिले के विभिन्न मंडलों-तेलीबांधा, शंकरनगर, पुरानीबस्ती, सदर बाजार, सिविल लाइन, भाठागांव, डीडी नगर, तात्यापारा, रामनगर, टाटीबंध, बीरगांव, रायपुर ग्रामीण, भनपुरी, माना मंडल, मोवा मंडल एवं मां बंजारी मंडल में प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्य पद्धति, विचारधारा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने कहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में अनुशासन, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है। प्रशिक्षण के दौरान तात्यापारा मंडल में शिविर के समापन सत्र में मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

## बिजनेस साइट

### श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईएलडी क्लिनिक और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी का शुभारंभ



रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत कमल विहार स्थित श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर के सहयोग से राज्य के पहले समर्पित आईएलडी क्लिनिक, लंग ट्रांसप्लांट विभाग की ओपीडी तथा एडवांस आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर यूनिट का शुभारंभ किया। इस पहल से अब फेफड़ों की गंभीर बीमारियों के मरीजों को महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अस्पताल के सीईओ विनीत सैनी ने बताया कि यह सुविधा इंटरस्टिशियल लंग डिजीज और एंड-स्टेज लंग फेल्योर के उपचार में नई उम्मीद लेकर आई है। एमजीएम के विशेषज्ञ डॉ. सौमित्र सिन्हा रॉय ने कहा कि उद्देश्य उन्नत ट्रांसप्लांट सेवाओं को क्षेत्रीय स्तर तक पहुंचाना है, साथ ही स्थानीय टीम को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. कमलकांत आदिले ने कहा कि हृदय और फेफड़ों की बीमारियों में समय पर मॉनिटरिंग जरूरी है। यह नई यूनिट जीवन रक्षक साबित होगी। डॉ. आर. के. पंडा ने इसे प्रदेश के मरीजों के लिए 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया। वहीं डॉ. निशांत चंदेल ने कहा कि एक्मो सपोर्ट के साथ जटिल सर्जरी अब संभव होगी।

### वेडिंग सीजन के लिए 'वस्त्रम विकास' में ट्रेंडी फैशन कलेक्शन

रायपुर। वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में मेन्स वियर और लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास पिछले 30 वर्षों से रायपुर समेत पूरे प्रदेश के कई परिवारों की फैशन डिमांड को पूरा करता आ रहा है। इस वैवाहिक सीजन के लिए शॉप ने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेहतरीन डिजाइन और वैरायटी की पेशकश की है। पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा स्टाइलिश जैकेट के साथ सिर्फ 1599 रुपए में उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग और शर्टिंग पर आकर्षक छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जो ग्राहकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स प्राप्त कर रहा है। केपी देवांगन ने बताया कि यह ऑफर टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा सहित सभी शाखाओं में समान रूप से उपलब्ध होगा, ताकि हर ग्राहक इसका लाभ उठा सके।

वस्त्रम् विकास

### रायपुर में मां पद्मावती हॉस्पिटल ने पेश की 'जीरो कैश' चिकित्सा सुविधा



रायपुर। श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेजेस की इकाई, मां पद्मावती हॉस्पिटल ने सेवा की एक नई मिसाल पेश की है। सत्य विहार, कौशल्या माता मंदिर रोड पर स्थित इस 750-बिस्तरों वाले अस्पताल में मरीजों के लिए कोई कैश काउंटर नहीं है। अस्पताल में न केवल मुफ्त ओपीडी और सभी आवश्यक जांचें जैसे सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, एक्स-रे और खून की जांचें उपलब्ध हैं, बल्कि मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा भी निशुल्क है। महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी, साथ ही ऑपरेशन और दवाइयों का खर्च भी मुफ्त रखा गया है। आयुष्मान भारत कार्ड धारकों के लिए शत-प्रतिशत कैशलेस इलाज, आईसीयू और जटिल ऑपरेशन की आधुनिक व्यवस्था है। जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति, शिशु रोग, नेत्र, ईएनटी, चर्म रोग और मानसिक रोग जैसे सभी प्रमुख विभाग एक ही छत के नीचे संचालित हो रहे हैं।

### रायपुर में 4-5 अप्रैल को प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुरेश आडवाणी देंगे परामर्श

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। देश के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. सुरेश आडवाणी आगामी 4 और 5 अप्रैल को रायपुर में उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान वे कैंसर से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श देंगे। डॉ. आडवाणी को बोन मैरो प्रत्यारोपण का प्रणेता माना जाता है और उन्होंने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके मार्गदर्शन से अब तक हजारों मरीजों को नई जिंदगी मिल चुकी है। यह विशेष परामर्श सुविधा मित्तल हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेगी। यहां मरीज कैंसर से जुड़ी जांच, उपचार और आगे की चिकित्सा योजना के लिए सलाह ले सकेंगे। इच्छुक मरीजों और उनके परिजनों से अपील की गई है कि वे अग्रिम अपॉइंटमेंट लेकर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह 4 अप्रैल को

रायपुर। रॉयल पब्लिक स्कूल, चौरसिया कॉलोनी में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम 4 अप्रैल 2026 को घोषित किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक परिणाम घोषणा समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होकर रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करेंगे। शिक्षकगण अभिभावकों से विद्यार्थियों के प्रदर्शन, विशेषताओं तथा सुधार के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु सकारात्मक वातावरण रखा जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। अभिभावकों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 20/03/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कस्तूरीलाल पिता मुलराज शर्मा निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 3 रकबा 1.510 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 13/03/2026 के परिपालन में दिनांक 06/04/2026 को समय 03 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के कुरूद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**(राजस्व निरीक्षक)**
**मंदिर हसौद**

## पेज 11 के शेष ...

### साल्यूशन प्रोवाइडर करेगा...

होंगे। इसमें यह शामिल है-प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना और डेटा एंट्री करना। शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) के दौरान ऊंचाई और सीने के डिजिटल माप की सुविधा प्रदान करना, तथा उम्मीदवार से सहमति प्राप्त करने हेतु उसी के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना। शारीरिक दक्षता परीक्षण ) के दौरान दौड़ने के समय को मापने हेतु आरएफआईडी प्रणाली प्रदान करना; प्रदर्शन को मापने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रणाली और उसकी सिंक्रनाइज़्ड वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था करना; आरएफआईडी सिंक्रनाइज़ेशन करना, तथा उम्मीदवार से सहमति प्राप्त करने हेतु उसी के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना। शॉट-पुट, लंबी कूद और ऊंची कूद में दूरी और ऊंचाई मापने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी सिस्टम उपलब्ध कराना, साथ ही इसकी सिंक्रनाइज़्ड वीडियो रिकॉर्डिंग करना, और उम्मीदवार के प्रदर्शन का विवरण देने वाले रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना आदि शामिल है।

### सॉफ्टवेयर करेगा...

फोटो कैप्चर सेवा का उपयोग किया जाएगा। . उंगलियों के निशान,आइरिस स्कैन लेना पीएसटी-पीईटी और लिखित परीक्षा के दौरान ली गई लाइव तस्वीरों की तुलना उन तस्वीरों से करना, जिन्हें उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन के समय अपलोड किया था, इसके लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक प्रतिष्ठित क्लाउड-आधारित फोटो तुलना सेवा का उपयोग किया जाएगा।

### सामान्य सभा में पहली बार...

शहरी सरकार ने यह अनूठी पहल की, जो गांधी सदन के गलियारे में चर्चा का विषय बनी। महापौर मीनल चौबे का कहना है कि शहर को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान से बचाने नगर निगम ने इसकी शुरुआत अभी मुख्यालय से की है। आने वाले दिनों में सभी जोन दफ्तरों में ईको फ्रेंडली पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक के पानी बॉटल और पानी पाउच की जगह कांच की बोतल में शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा। दरअसल, हाल ही में शहरी सरकार ने एमआईसी में संकल्प पारित कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध को धरातल पर लागू करने का निर्णय लिया। इसकी शुरुआत एमआईसी की बैठक में पानी पाउच और बोतल बंद प्लास्टिक के पानी बॉटल की मनाही के साथ हुई।

### किफायती दर पर स्वसहायता...

अंतर्गत गठित शारदा स्व सहायता समूह द्वारा किया गया है। ग्राम पचेड़ा विकासखंड अभनपुर की स्वसहायता समूह द्वारा इसे सभी शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय में भी उपलब्ध कराया जा रहा है।




# छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी 25 हजार रुपए तक मासिक सम्मान राशि, सरकार ने बनाया नया नियम

## 30 दिनों में दावा-आपत्ति के बाद होगा लागू, जेल में रहने की अवधि के हिसाब से राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को मासिक सम्मान निधि मिलेगी। यह राशि आपातकाल के दौरान जेल में रहने की अवधि के आधार पर तय होगी। कम से कम 8 हजार रुपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए 'छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम, 2026' का प्रारूप तैयार कर लिया है।

### इस तरह तय होगी सम्मान की राशि

इस प्रस्तावित नियम के मुताबिक जेल की अवधि के आधार पर राशि तय होगी। नियमों के अनुसार, सम्मान राशि को निरुद्ध रहने की अवधि के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। 1 माह से कम अवधिः 8 हजार रुपए प्रति माह । 1 माह से 5 माह तकः 15 हजार प्रति माह । 5 माह या उससे अधिक पर 25 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु के बाद उनके पति या पत्नी को इस राशि की आधी रकम आजीवन प्राप्त होगी ।

### निःशुल्क चिकित्सा और राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान ही चिकित्सा सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। साथ ही, किसी सेनानी की मृत्यु होने पर उनकी अंत्येष्टि में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मनोनीत द्वितीय श्रेणी के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और परिवार को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार रुपयों की वित्तीय सहायता दी जाएगी।



*किसे मिलेगी पात्रता? : यह सम्मान राशि केवल उन व्यक्तियों को मिलेगी जो मीसा या डीआईआर कानून के तहत राजनैतिक या सामाजिक कारणों से निरुद्ध रहे थे। यदि किसी व्यक्ति का उस समय कोई आपराधिक या असामाजिक रिकॉर्ड था, तो वह इस सम्मान के पात्र नहीं होंगे। पात्र व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि पात्रता कार्ड' जारी किया जाएगा।*

### आवेदन की प्रक्रिया और चयन समिति

पात्र व्यक्तियों को अधिसूचना प्रकाशन के 90 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट को प्ररूप-एक में आवेदन करना होगा । आवेदन के साथ जेल अधीक्षक या जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है । चयन के लिए जिला स्तर पर एक समिति बनाई जाएगी। समिति में अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। सदस्य सचिव जिला मजिस्ट्रेट । सदस्य, जिला पुलिस अधीक्षक और जेल अधीक्षक होंगे।

### अपात्रता और दंड के प्रावधान

यदि कोई व्यक्ति गलत जानकारी या फर्जी दस्तावेज देकर सम्मान राशि प्राप्त करता है, तो उससे पूरी राशि भू-राजस्व के बकाया की तरह वसूली जाएगी। साथ ही, नैतिक अधमता या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सम्मान राशि रोकी या निरस्त की जा सकती है। शासन ने इस प्रारूप पर आम जनता से 30 दिनों के भीतर सुझाव या आपत्तियां मांगी हैं, जिन्हें सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय (महानदी भवन) को भेजा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने संगठन में पदाधिकारियों व विभिन्न जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इनमें 1 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 प्रदेश महासचिव, 8 प्रदेश सचिव व प्रदेश के 27 जिलों के अध्यक्ष पदों पर नियुक्तियां की गई है। अध्यक्ष सिद्दीक ने कहा कि इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। सभी पदाधिकारी कांग्रेस की नीतियों के अनुरूप जनहित में कांग्रेस संगठन के मार्गदर्शन पर कार्य करेंगे। कांग्रेस भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध सड़क से सदन तक विरोध करेगी। रायपुर शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी जमीनी कार्यकर्ता करण जी राज को दी गई है। यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमति एवं महासचिव प्रशासन मलकीत सिंह ग़ैदू के अनुमोदन पर की गई है।



### होलसेल मेडिकल का लाइसेंस पंजीकृत फार्मासिस्ट को मिले

**रायपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल वर्मा ने होलसेल ड्रग लाइसेंस के लिए भी नियम 64 में केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनिवार्यता करने की वकालत करते हुए कि फार्मासिस्ट अथवा मैट्रिकुलेशन योग्यता पूर्व में थी लेकिन किसी भी होलसेल दवा विक्रेता द्वारा पंजीकृत फार्मासिस्ट को कंपेटेंट पर्सन नहीं बनाया गया है। चार साल का अनुभव भी फर्जी तरीके से बनाकर किसी 12 वीं पास व्यक्ति से खुदरा दवा व्यवसाय करवाया जाता रहा है। अयोग्य एवं अप्रशिक्षित व्यक्तियों से ड्रग संबंधी कार्य लेना जोखिमभरा है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने देशभर के पाँच लाख फार्मासिस्टों की ओर से ड्रग टेक्निकल एडवाइज़री बोर्ड के सचिव एवं भारत सरकार में औषधि महानियंत्रक डॉ राजीव सिंह रघुवंशी को पत्र लिखकर ड्रग रूल 1945 के नियम 64 में बीएससी योग्यता को हटाने और केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट को अनिवार्य योग्यता में शामिल करने कहा है।



# दीक्षा नगर में नई पानी टंकी का निर्माण शुरू आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों की बुझेगी प्यास

### इंदौर की एंड्रायड कंपनी को मिला ठेका

### 19 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र स्थित ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर में नई पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इंदौर की एंड्रायड कंपनी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया गया है। अधोसंरचना मद में मिली राशि से 2100 किलोलीटर क्षमता वाली इस नई पानी टंकी का निर्माण होने से आने वाले दिनों में ठक्कर बापा वार्ड के आधा दर्जन से ज्यादा रहवासी इलाकों में गर्मी के समय पानी की समस्या से लोगों को नहीं जूझना पड़ेगा। अनुबंधित एजेंसी ने पानी टंकी निर्माण का कार्य शुरू करा दिया है।



### इन इलाकों को पेयजल संकट से मिलेगी राहत

गायत्री नगर, खम्हारडीह बस्ती, गणेश नगर, गीतांजलि कालोनी, सेल टैक्स कालोनी, कचना की हाउसिंग बोर्ड कालोनी, श्रीराम नगर फेज 2, नीलांचल विहार और वृंदावन कालोनी।

### विधायक मूणत, महापौर मीनल चौबे ने पानी टंकी निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने नगर निगम जोन 1 अंतर्गत ठक्कर बापा वार्ड में दीक्षा नगर गुढ़ियारी में बन रही पानी टंकी के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण महापौर मीनल चौबे के साथ किया। इस मौके पर श्री मूणत ने संबंधित अधिकारियों को हर हाल में बारिश से पूर्व प्लिंथ लेवल तक निर्माण कार्य सुव्यवस्थित तरीके से करवाने निर्देश दिए। श्री मूणत और महापौर मीनल चौबे ने जोन 1 के अधिकारियों को हिदायत दी कि नई पानी टंकी निर्माण कार्य के गुणवत्ता की सतत रूप से मानिटरिंग करते रहें। इस मौके पर नगर निगम के जल विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, ठक्कर बापा वार्ड पार्षद परमिला बल्लाराम साहू, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता द्रोणी कुमार पैकरा, सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह सहित आधा दर्जन इलाकों में पानी संकट से जूझ रहे लोगों को आने वाले समय में पेयजल की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना में 23 करोड़ 68 लाख की लागत से यहां नई पानी टंकी का निर्माण होगा।

### लोगों के पानी की समस्या का होगा निराकरण

गुढ़ियारी क्षेत्र के दीक्षा नगर इलाके में लोगों की पेयजल समस्या का निराकरण करने 2100 किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी का निर्माण शुरू हो गया है। इस पानी टंकी के बनने से आने वाली गर्मी में दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पार्वतीनगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार और देवविहार में रहने वाले लोगों को बारह महीना भरपूर पानी मिलने लगेगा। एक अरसे से ठक्कर बापा वार्ड में नई पानी टंकी के निर्माण की मांग वार्ड वासी कर रहे थे। इसे देखते हुए रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की पहल पर दीक्षा नगर गुढ़ियारी में नई पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए अधोसंरचना मद में नगर निगम को 19 करोड़ 61 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, टंकी निर्माण के बाद संबंधित इलाके में अनुबंधित एजेंसी द्वारा पाइप लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन का कार्य कराया जाएगा। इसके बाद 3 माह तक नई पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति का ट्रायल किया जाएगा।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने 4 श्रम संहिताओं को छग में लागू कराने बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में चार श्रम संहिताओं को लागू कराने के लिए रणनीति तैयार की गई। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में कार्यरत 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी इन श्रम संहिताओं का लाभ मिलना चाहिए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो, उन्हें सामाजिक सुरक्षा, जॉब गारंटी, पेंशन और बीमा जैसी सुविधाएं सुनिश्चित हो सके।

■ प्रदेशभर में विभागीय मंत्री के नाम निगम आयुक्त, नगर पालिका अधिकारी को सौंपेंगे 6 को ज्ञापन

केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां संहिता 2020 शामिल है। इन संहिताओं का मुख्य उद्देश्य श्रमिको को समुचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा, कार्यस्थल पर सुरक्षा, रोजगार की स्थिरता, पेंशन व बीमा सहित अन्य श्रम हितैषी सुविधाएं प्रदान करना है। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि यदि केंद्र सरकार द्वारा जारी चारों श्रम संहिताओं को छत्तीसगढ़ में जल्द लागू नहीं किया गया तो प्रदेश भर के सभी नगरीय निकायों में कार्यरत करीबन 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। इसी संबंध में बैठक में बातचीत के बाद रणनीति बनाई गई।

# गर्मी में यात्रा आसान करने 20 से हटिया एलटीटी के बीच नौ फेरे की स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दौरान ट्रेन की यात्रा को आसान और राहतभरा बनाने के लिए हटिया-एलटीटी के बीच नौ फेरे की स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रायपुर, बिलासपुर समेत 18 स्टेशनों पर स्टापेज लेने वाली यह ट्रेन 20 अप्रैल से 15 जून तक आवाजाही करेगी। गर्मी के दौरान चलने वाली नियमित ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो जाता है और मारामारी की स्थिति बन जाती है। यात्रियों का टेंशन और ट्रेनों में दबाव कम करने के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाता है।

परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। इस दौरान लोग घूमने-फिरने निकलते हैं, जिससे ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों की संख्या बढ़ने से कन्फर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो जाता है और मारामारी जैसी स्थिति बनने लगती है। ऐसी स्थिति से यात्रियों को उबारने के लिए रेल प्रशासन विभिन्न सेक्टरों में ट्रेनों का संचालन करता है। इस दौर में अतिरिक्त बर्थ की उपलब्धता के लिए हटिया-एलटीटी-हटिया के मध्य 09-09 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन जाएगा। स्पेशल ट्रेन हटिया से 20 अप्रैल से 15 जून तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी और एलटीटी से 22 अप्रैल से 17 जून प्रत्येक बुधवार को रवाना होगी। इन स्पेशल ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 04 जनरल, 06 स्लीपर, 07 एसी थ्री, 02 एसी टू, 01 एसी वन, तथा 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी। यह ट्रेन आवाजाही के दौरान राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, पचोरा, चालीसगाँव, मनमाड़, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण, ठाणे स्टेशनों पर रुकेगी।



■ रायपुर, बिलासपुर समेत 18 स्टेशनों पर रुकेगी, यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त बर्थ




# बिजली बिल वृद्धि के स्थान पर उद्योगपतियों से वसूलें बकाया राशि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने अप्रैल माह से प्रस्तावित बिजली बिल दर में वृद्धि को लेकर रोष प्रकट किया है। पार्टी का कहना है, पिछले साल 2025 में जुलाई महीने में भी बिजली की दरों में वृद्धि की गई थी। अब पुनः बिजली दर बढ़ाई जा रही है। उक्त बढ़ी हुई दर से जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जयदीप खनूजा, विजय झा, अनुषा जोसेफ, कलावती मार्को और मिहिर कुर्मी ने बुधवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सरकार द्वारा बिजली सरप्लस राज्य छत्तीसगढ़ में पुनः बिजली दर वृद्धि अप्रैल माह से प्रस्तावित है। आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं। बिजली कंपनियां 7000 करोड़ का घाटा दिखाकर बिजली दर वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही हैं। अपनी मांगो को लेकर आम आदमी पार्टी 2 अप्रैल को प्रदेश के हर जिले मुख्यालय में बिजली ऑफिस का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेगी।

### अपना खर्च कम करें बिजली कंपनियां

आम आदमी पार्टी ने सरकार से 6 सूत्रीय मांग करते हुए कहा कि प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि ना की जाए तथा पहले से बढ़ी हुई दर कम की जाए क्योंकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली राज्य है। बड़े बकायादारों उद्योगपतियों और सरकारी विभाग जिनका करोड़ों का बिल बकाया है उनसे बिल वसूली की जाए अन्यथा उनका कनेक्शन काटा जाए। स्मार्ट मीटर की प्रणाली में सुधार किया जाए। बिजली कंपनियां अपना खर्च कम करें, जिससे कंपनियों को घाटा नहीं होगा और इसकी वसूली आम जनता की जेब से नहीं करनी पड़ेगी।असमय बिजली कटौती खासकर ग्रामीण इलाकों की, बंद की जाए। ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर की फ्री में उपलब्धता सरकार सुनिश्चित करे, क्योंकि आज भी कई जगह ग्रामीण खुद के पैसों से ट्रांसफार्मर लातें हैं।
















**खबर संक्षेप**



### उच्च शिक्षा संचालनालय में आयुक्त से की मुलाकात कई मुद्दों की चर्चा

**रायपुर।** नवीन सहायक प्राध्यापक एवं राजपत्रित अधिकारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उच्च शिक्षा संचालनालय में आयुक्त से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसी दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम वर्ष 2019 बैच के 862 सहायक प्राध्यापकों की परीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी किए जाने के लिए आयुक्त का आभार जताया। साथ ही संघ ने कई मुद्दों पर चर्चा की और शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की है, जिस पर आयुक्त ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रस्तुत सभी विषयों पर नियमों के अनुरूप परीक्षण कर यथाशीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। मुलाकात करने वालों में संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. अगरदास बघेल, प्रांत उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद साहू, प्रांत महामंत्री डॉ. विजय कुमार साहू, मीडिया प्रभारी संजय कुमार पवार आदि उपस्थित रहे।

### ठेले, गुमटियों को हटाने अभियान

**रायपुर।** सड़क यातायात बाधित करने वाले ठेले व गुमटियों को विभिन्न मार्गो से हटाने टीम प्रहरी अभियान चलाया गया। यह अभियान उद्योग भवन सर्विस रोड और पुरैना मुख्य मार्ग में नगर निगम और ट्रैफिक विभाग के संयुक्त सहयोग से अतिक्रमण हटाने किया गया। इस दौरान 6 ठेले व गुमटियों को हटाया गया, 35 ठेले वालों ने स्वतः ठेले हटाने पर सहमति जताई।

### निलजा में हनुमान चालीसा और मानस पाठ आज

**रायपुर।** सारागांव के ग्राम निलजा में स्थित प्राचीन हनुमान मदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान सुबह हनुमान जी के पूजन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह अनुष्ठान संकट निवारण और मानसिक शांति प्रदान करने के लिए राम-हनुमान की संयुक्त आराधना पर केंद्रित है। साथ ही प्रसादी वितरण का भी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इसके बाद मानस गान का कार्यक्रम शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। शाम को स्वान्तः सुखाय मानस परिवार छुईहा (गरियाबंद) और श्रीराम चरित्र मानस परिवार चारामा (कांकेर) की मंडलियां प्रस्तुति देंगी।

### जोन-8 में स्वच्छता जागरूकता अभियान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के प्रीतम नगर में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने अभियान चलाया। जिसमें यह बताया गया कि गीला और सूखा कचरा को अलग करना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को कचरे का सही तरीके से छटाई करने के बारे में बताया गया। रामकी द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबर की जानकारी इस मौके पर दी गई। लोगों से अपील की गई कि अपने आसपास को स्वच्छ बनाए रखें। कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन करते हुए शहर को स्वच्छ रखें।

### जिला अस्पताल में हुआ जन्मजात मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

**रायपुर।** बस्तर के नौ वर्षीय बालक ललित मौर्य के जीवन में अब खुशियों का एक नया सवेरा हुआ है। जिले के विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदीसागर के आश्रित ग्राम पराली का निवासी ललित जन्म से ही मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहा था। इस जन्मजात विकार के कारण वह दुनिया की खूबसूरती देखने में पूरी तरह असमर्थ था और उसका बचपन अंधेरे के साये में बीत रहा था। हालांकि ललित के मोतियाबिंद की पहचान पूर्व में ही हो गई थी, लेकिन सर्जरी को लेकर मन में बैठे डर और संशय के कारण उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। ललित के उजाले की ओर बढ़ने का सफर 20 मार्च को बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर से शुरू हुआ, जहाँ वह दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने पहुँचा था।

# जल जीवन मिशन प्यासा, दो साल से केंद्र ने नहीं दी राशि, ठेकेदारों का पेमेंट अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का कार्य कर रहे ठेकेदारों का भुगतान लंबित है। सभी जिलों में जल जीवन मिशन का कार्य भुगतान न मिलने के कारण ठप है। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश में कराए जाने वाले कार्यों के लिए हितग्राहियों के अंशदान को छोड़कर केन्द्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत राशि राज्य शासन को दी जाती है व राज्य शासन द्वारा 50 प्रतिशत राशि राज्यांश के रूप में दी जाती है। केंद्रांश की राशि पिछले दो सालों से नहीं मिल पाने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय कैबिनेट से जल जीवन मिशन-2 को मंजूरी मिलने के बाद पहले चरण में 770 करोड़ की राशि राज्य को मिल चुकी है। वित्त विभाग की मंजूरी के बाद ठेकेदारों को भुगतान किए जाएंगे।

बताया गया है कि 24- 25 के बजट में जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड़ का प्रावधान किया था, केंद्र की ओर से 191.59 करोड़ की राशि मिली। केंद्र की ओर से 2250 करोड़ आना था, लेकिन केंद्र की ओर से 2151.41 करोड़ नहीं दिया गया। वहीं 2025-26 में केंद्रांश के रूप में कोई राशि राज्य को जारी नहीं किया गया।

जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों तथा नल-जल विस्तार के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.67 प्रतिशत राशि एवं 2025-26 में कोई भी राशि केन्द्रांश के रूप में नहीं प्रदान की गई है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में 94.33 प्रतिशत राशि एवं 2025-26 में 100 प्रतिशत राशि राज्यांश के रूप में दी गई है। राज्यांश से ही कुल कराए गए कार्यों का आधा भुगतान जारी किया गया। राज्य में 2024 में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा किया जाना था। योजना 2028 तक बढ़ाई गई। राज्य में जल जीवन मिशन के कार्य में जो व्यय हुआ है वो मिशन के 26 हजार करोड़ का है, इनमें से 13484 करोड़ की राशि मिल थी, जिसमें से ठेकेदारों को भुगतान हुआ।

## अब तक 82 प्रतिशत कार्य पूरे, अधूरे कार्य दो साल में पूरे होंगे

### भुगतान न मिलने पर प्रदर्शन

राज्य में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे ठेकेदारों को भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरगुजा सहित कई जिलों में ठेकेदारों ने भुगतान न मिलने पर प्रदर्शन किया है और आत्मदाह की चेतावनी भी दी है, जिसके बाद जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। रायगढ़ और अन्य जिलों में 200 से अधिक ठेकेदारों का लगभग 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान अटका हुआ है, जिससे कई जगहों पर काम ठप हो गया है।




*केंद्र ने जारी की राशि, ठेकेदारों का भुगतान जल्द : जल जीवन मिशन 2.0 को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। अब अधूरे कार्य का पूरा करने कार्य शुरू होगा। केंद्र ने प्रथम चरण में राज्य को राशि जारी कर दी है। आगामी एक-दो सप्ताह में वित्त की मंजूरी के बाद ठेकेदारों के लंबित भुगतान भी जारी किए जाएंगे।*
*- जितेंद्र शुक्ला, संचालक, जल जीवन मिशन*

### सभी काम पूरा होने पर होंगे भुगतान

दो सालों केंद्रांश की राशि न मिलने कई जिलों में मिशन का काम आधा अधूरा है। बताया गया है कि जल जीवन मिशन-2 की मंजूरी के बाद 31 दिसंबर 2028 तक मिशन के अधूरे कार्य पूरे किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 770 करोड़ की राशि प्रथम चरण में मंजूर की है।550 करोड़ की राशि राज्य सरकार को जारी की गई है। जल्द ही वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।बताया गया है कि अब भुगतान तभी होगा जब योजना के सभी काम पूरे हो जाएंगे और पंचायत से सत्यापन के बाद काम हैंडओवर कर दिए जाएंगे।

## मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम नरदहा-धनसुली एवं खपरी में विभागीय टीम ने की जांच

# चूनापत्थर की 6 खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन, 4 खदानों में क्रेशर सील, 2 को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के मंदिर हसौद क्षेत्र में वैध रूप से संचालित चूना पत्थर की खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन का कार्य किया जा रहा था। खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को इस क्षेत्र में संचालित चूना पत्थर खदानों की जांच की। इस दौरान आधा दर्जन खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन होना पाया। इनमें से 4 खदानों में लगी क्रेशर मशीनों को सील करने की कार्रवाई भी की गई है, वहीं अन्य 2 खदानों के पट्टेदारों को नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों के अनुसार इन खदानों में अनुबंध से अधिक रकबा में खनन, सूचक बोर्ड नहीं लगाना, रायल्टी सहित अन्य कई नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

खनिज विभाग के अफसर राजेश मालवे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर विभाग की टीम को चूनापत्थर खदानों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए भेजा था। इस टीम में सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव और स्तुति निगम सहित विभाग के सिपाही भी थे। टीम ने मंदिद हसौद अंतर्गत ग्राम नरदहा, धनसुली एवं खपरी में संचालित चूनापत्थर खंदानों की जांच की है। जांच के दौरान पट्टेदार श्रीचंद प्रीतवानी, शैलेंद्र चौरसिया, महादेव माइनिंग (महेश प्रीतवानी) एवं निमेष कुमार चेलक की खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन का काम चल रहा था। इन खदानों में रायल्टी, सूचक बोर्ड, अनुबंध से अधिक रकबा में खनन सहित अन्य कई नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। इन चारों खदानों में लगी क्रेशर मशीनों को सील करने की कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध प्रकरण बनाया है। इसी प्रकार योगेश अग्रवाल खसरा 1426 रकबा 1.896 तथा प्रवीण पटेल नरदहा आरंग खसरा 548/1,548,459 रकबा1 हेक्टेयर, महेश प्रितवानी 1.113 हेक्टेयर खदान की भी जांच की गई। इन दोनों खदानों में भी नियमों के विरुद्ध खनन सहित अन्य कार्य किए जा रहे थे। विभाग ने दोनों को नोटिस जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि इन चूनापत्थर खदानों की तरह ही जिले में संचालित अन्य कई खदानें हैं, जहां नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। हालही में विभाग ने आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में 7 फर्शी खदानों पर कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध 30 करोड़ 30 लाख रुपए का प्रकरण बनाया है। जिला प्रशासन ने इन सातों खदानों का अनुबंध पट्टा भी निरस्त कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि जिन चूनापत्थर की खदानों के विरुद्ध प्रकरण बनाए गए हैं। उनके विरुद्ध भी बड़ी राशि का अर्थदंड या अनुबंध निरस्त किए जा सकते हैं।







### जांच के दौरान पट्टेदार गेट पर ताला लगाकर हुआ फरार

जांच टीम में शामिल खनिज सहायक अधिकारी उमेश भार्गव ने बताया कि जांच के दौरान उन्हें काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। उनकी टीम जैसे ही धनसुली स्थित शैलेंद्र चौरसिया के खदान पहुंची, उसी दौरान पट्टेदार शैलेंद्र चौरसिया विभागीय टीम को देखकर अपने खदान जाने वाले रास्ते का मुख्य गेट बंद कर वहां से फरार हो गया। इसके कारण खनिज विभाग के अधिकारियों एवं सिपाहियों को तारों से घिरी बाउंड्रीवॉल को फांदकर अंदर जाना पड़ा। सहायक अधिकारी ने बताया कि खदान के खनन अनुबंध में यह भी शर्त शामिल है कि विभाग की टीम किसी भी समय जांच करने खदान पहुंच सकती है। इस जांच में पट्टेदार को पूरा सहयोग करना होगा, लेकिन इस जांच में पट्टेदार गेट पर ताला लगाकर फरार हो गया।

# प्री-पॉलीटेक्निक टेस्ट के लिए अर्जी 17 तक, ओपन विवि में दाखिले के लिए पृथक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तकनीकी शिक्षा संचालनालय से संबंधित पालीटेक्निक कालेजों में प्रवेश के लिए प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। यह परीक्षा राज्य के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा संचालनालय के अनुसार, पालीटेक्निक कालेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को सायं 5 बजे तक चलेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 20 अप्रैल का समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, पाठ्यक्रम एवं दिशा-निर्देश व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### घर बैठे कर सकेंगे बीएड-डीएलएड

*इधर, पं.सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2026–27 के लिए द्विवर्षीय बीएड एवं डीएलएड (दूरवर्ती) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है और 12 जून 2026 जारी रहेगी। अभ्यर्थी 13 जून से 15 जून के बीच 100 रुपए शुल्क के साथ आवेदन में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। प्रवेश पत्र 23 जून से डाउनलोड किए जा सकेंगे तथा प्रवेश परीक्षा 28 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 10 जुलाई (संभावित) को घोषित किया जाएगा। सभी प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम प्रावीण्यता सूची 21 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।*

### 33 जिला मुख्यालयों में होगी परीक्षा

अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 27 अप्रैल को व्यापम की वेबसाइट पर जारी किए जाने की संभावना है। परीक्षा का आयोजन 7 मई को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी, जिससे अभ्यर्थियों को अपने नजदीकी परीक्षा केन्द्र का चयन करने की सुविधा मिलेगी। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में सम्मिलित होंगे, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जाएगा। यह राशि उसी बैंक खाते में वापस की जाएगी, जिससे अभ्यर्थी ने शुल्क का भुगतान किया है।

## पहले दिन 18 पदों के लिए 69 फार्म बिके

# अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन फार्म की बिक्री शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अधिवक्ता संघ चुनाव की प्रक्रिया बुधवार से नामांकन फार्म की बिक्री के साथ शुरू होगी। नामांकन फार्म जिला न्यायालय परिसर के कक्ष क्रमांक-206 में वितरण किया जा रहा है। नामांकन फार्म के लिए दो दिन का समय निर्धारित किया है। पहले दिन बुधवार को 18 पदों के लिए 69 नामांकन फार्म खरीदे गए हैं। फार्म बिक्री का गुरुवार को अंतिम दिन है। इसके बाद नामांकन फार्म जमा की प्रक्रिया शुरू होगी।

चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशी 4 मार्च तक नामांकन जमा करना है, वहीं 6 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी एवं प्रकाशन किया जाएगा। नाम वापसी के लिए 7 मार्च को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक समय निर्धारित है। इसके बाद चुनाव में खड़े रहने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी। चुनाव 17 मार्च को होगा।




### इन पदों के लिए नामांकन फार्म बिके

अधिवक्ता संघ के चुनाव मीडिया प्रभारी अमर गुरुबक्षाणी ने बताया कि नामांकन फार्म बिक्री के पहले दिन 16 पदों के लिए 69 नामांकन फार्म खरीदे गए हैं। इनमें क्रमशः अध्यक्ष पद के लिए 5, उपाध्यक्ष पुरूष के 5, उपाध्यक्ष महिला के 4, कोषाध्यक्ष के 4, सचिव के 4, सह सचिव पुरूष के 2, सहसचिव महिला के 3, ग्रंथालय सचिव के 1, सांस्कृतिक एवं क्रीडा सचिव महिला पद 1, कार्यकारिणी सदस्य पुरूष 6, कार्यकारिणी आरक्षित महिला पद के लिए 2 नामांकन फार्म की बिक्री हुई है।

# आपसी रंजिश का बदला लेने जीपीएस लोकेशन भेज कर कांग्रेस नेता की कार को जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में महादेव घाट के पास एक माह पूर्व एक कांग्रेसी नेता तथा एक अन्य की कार में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने दुर्ग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कांग्रेसी नेता की कार में आग लगाने मुख्य साजिशकर्ता ने अपनी बाइक में जीपीएस लोकेशन लगाकर कांग्रेसी नेता के पास पार्क कर बदमाशों को कार जलाने का लोकेशन भेजा।

कांग्रेसी नेता विनोद कश्यप उर्फ भक्कू तथा एक अन्य की कार में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने मुकेश कुमार सिंह उर्फ पंचर, इमरान खान, लिमेश उर्फ निम्बू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। घटना का मुख्य साजिशकर्ता राहुल वर्मा तथा उसके दो अन्य साथी फरार हैं। राहुल वर्मा क्रांति सेना का नेता बताया जा रहा है। कार में लिमेश ने आग लगाई थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक राहुल का एक साल पूर्व किसी बात को लेकर विनोद के साथ विवाद हो गया था। उसी विवाद के चलते राहुल ने विनोद से बदला लेने उसकी कार में आग लगवाई।



- मुख्य साजिशकर्ता सहित तीन फरार, आग लगाने वाले सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### रैकी कर जीपीएस लोकेशन भेजने के बाद कार में आग

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि कार में आग लगाने के पूर्व राहुल ने विनोद के घर की दो से तीन बार रेकी की। इसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी एकत्र की। रेकी करने के बाद विनोद अपनी बाइक में जीपीएस लोकेशन लगाकर विनोद की कार के पास बाइक पार्क कर लोकेशन बदमाशों के पास शेयर किया। लोकेशन के आधार पर बदमाश मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर दो कार खड़ी थी। इसलिए उन्हें कुछ समझ में नहीं आया और मौके पर पार्क दोनों कार को बदमाश आग लगाकर मौके से फरार हो गए थे।

# 5वीं की परीक्षा में नकल कराती शिक्षिका का वीडियो वायरल, छात्रों ने घेरा शिक्षा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मामला शंकर नगर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का
- ब्लैक बोर्ड पर लिखे जा रहे थे सभी प्रश्नों के उत्तर

पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा पर एक बार फिर प्रश्नचिन्ह लग गया है। मामला शंकर नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला 'अभ्यास' का है। यहां हाल ही में आयोजित पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। वायरल वीडियो के अनुसार परीक्षा कक्ष में तैनात शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को सुनियोजित तरीके से नकल कराई गई। इसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव किया।

अभाविप ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण में संलिप्त दोषी शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए तथा उनके विरुद्ध सख्त विभागीय जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं एवं परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उड़नदस्तों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। घेराव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। छात्र संख्या अधिक होने के बाद भी बल प्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई।






### जांच करवाएंगे

नकल की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच करवाएंगे।
**- हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### अन्यत्र जांची जाएं उत्तरपुस्तिकाएं

अभाविप ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को गिराती हैं, बल्कि उन परिश्रमी और ईमानदार विद्यार्थियों के मनोबल को भी आघात पहुंचाती हैं, जो अपनी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करना चाहते हैं। एक शिक्षक द्वारा स्वयं अपनी मर्यादा का उल्लंघन करना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। संबंधित विद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किसी अन्य विकासखंड के शिक्षकों से कराया जाए, जिससे परिणामों की निष्पक्षता बनी रहे। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्र के अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों से भी जवाबदेही तय करते हुए स्पष्टीकरण लिया जाए। रायपुर महानगर मंत्री सुजल गुप्ता सहित प्रथम फूटाने, संकल्प राजकमल, रुचिका गौतम, मन साहू सहित अन्य छात्र प्रदर्शन में शामिल रहे।

# साफ्टवेयर में दिक्कत के कारण वितरण प्रभावित, मार्च में 8 लाख हितग्राहियों को होना पड़ा खाद्यान्न से वंचित

- खाद्यान्न विभाग और एनआईसी अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के लगभग 8 लाख हितग्राहियों को मार्च में खाद्यान्न ही नहीं मिल पाया। या यू कहें कि इन सभी हितग्राहियों के एक महीने के कोटे का खाद्यान्न विभाग और एनआईसी अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया।

साफ्टवेयर अपडेट किए जाने के कारण प्रदेश में 5 दिन तक सभी उचित मूल्य की दुकानें बंद थीं, वहीं इसके बाद भी 3 दिन तक साफ्टवेयर में समस्या आने से वितरण प्रभावित रहा। इस तरह महीना खत्म होने के 3 दिन पहले ही हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य नियमित रूप से हो पाया। यही कारण है कि लाखों की संख्या में हितग्राहियों का खाद्यान्न लैप्स हो गया, क्योंकि अभी तक छूटे हुए हितग्राहियों को खाद्यान्न बांटने के लिए शासन स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

### 80 लाख 58 हजार में 71 लाख 72 हजार ही खाद्यान्न वितरण

विभागीय आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च की स्थिति में पूरे प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों में 71 लाख 72 हजार 535 राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण किया गया, जबकि पंजीकृत राशन कार्डों की संख्या 80 लाख 58 हजार 333 है। इस तरह 8 लाख से भी अधिक कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। इस तरह छूटे हुए कार्ड धारकों का एक महीने का खाद्यान्न लैप्स हो गया, क्योंकि उचित मूल्य दुकानों की ई-पॉस मशीन के साफ्टवेयर में हर माह की अंतिम तारीख खत्म होते ही उस माह का आवंटन आईडी भी ब्लॉक हो जाता है, जिसके कारण वितरण भी नहीं हो पाता।



### प्रस्ताव भेजा गया है

*छूटे हुए कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण के लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलने पर वितरण किया जाएगा। - कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर*

*छूटे हुए वितरण के लिए आईडी खोलना होगा : छूटे हुए कार्ड धारकों को मार्च का खाद्यान्न वितरण करने के लिए उस महीने की ब्लॉक हुई आईडी को खोलना होगा। सूत्रों के अनुसार जिन-जिन जिलों में खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत 85 प्रतिशत से अधिक पर 95 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है, ऐसे सभी जिलों से वितरण की तारीख बढ़ाए जाने के लिए संचालनालय में आवेदन भी भेज रहे हैं। रायपुर जिले में भी 93 प्रतिशत वितरण हुआ है, शेष कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण के लिए तारीख बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव विभाग ने भेजा है।*

### जिलेवार वितरण का प्रतिशत (1 से 31 मार्च तक)

बालोद 92.18, बलौदाबाजार 85.46, बलरामपुर 93.48, बस्तर 87.68, बेमेतरा 86.49, बीजापुर 86.96, बिलासपुर 88.78, दंतेवाड़ा 77.09, धमतरी 93.32, दुर्ग 88.70, गरियाबंद 87.91, गौरेला-पेंड्रा मरवाही 89.79, जांजगीर 84.64, जशपुर 91.43, कांकेर 86.56, कवर्धा 88.70, खैरागढ़-छुईखदान गंडई 96.15, कोंडागांव 85.99, कोरबा 80.22, कोरिया 94.17, महासमुंद 84.12, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी 91.72, मोहला-मानपुर 93.67, मुंगेली 90.68, नारायणपुर 86.12, रायगढ़ 90.98, रायपुर 93.07, राजनांदगांव 92.13, सक्ती 89.58, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 89.06, सरगुजा 89.06, सुकमा 78.27 एवं सूरजपुर 96.11 प्रतिशत कार्ड धारकों को वितरण हुआ है।

